आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 308 ● कटनी ● मंगलवार, 13 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## तेलंगाना में पकड़ी गई ड्रग्स 9 करोड़ केश के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राचकोंडा, ईएमएस।** तेलंगाना के राचकोंडा में ड्रग्स जब्त की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स पेडलिंग रैकेट का भंडाफोड़ कर 8.5 किलो ड्रग्स और 9 करोड़ केश बरामद किए गए। शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अमृतसर पुलिस ने पकड़ा गया हाईकोर्ट का नकली जज

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर में दिल्ली हाईकोर्ट का नकली जज बनकर घूमने वाले एक जस्टिस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह नकली जज अमृतसर के ACP नॉर्थ वरिंदर खोसा को फोन करके बुरा फंस गया। खोसा को बातचीत करते हुए नकली जज पर शक हो गया, जब जांच करवाई तो पूरा मामला सामने आ गया। , आरोपी की पहचान मजीठा रोड के शास्त्री नगर में रहने वाले मिशू धीर के तौर पर हुई है।

## भारत -चीनी सैनिकों के बीच झड़प

# संसद में भारी हंगामा

### देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित :रक्षा मंत्री

### भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं : गृहमंत्री



**नई दिल्ली,ईएमएस।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प को लेकर संसद में भारी हंगामा हुआ। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस दोहरा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर चीन ने कब्जा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने बहादुरी दिखाई। अमित शाह ने संसद के बाहर कहा- कांग्रेस ने प्रश्न काल चलने नहीं दिया। हमने जवाब देने की बात कह दी थी। उसके बावजूद इन्होंने संसद नहीं चलने दी। चीन पर कांग्रेस का रवैया दोहरा है। राजीव गांधी फाउंडेशन का सवाल प्रश्न काल में रखा गया था। मैं बता दूं कि इसका fcra लाइसेंस रद्द किया गया था। इसी पर सवाल था। उस फाउंडेशन को चीन से पैसे मिले। 1.38 करोड़ रुपए मिले थे। कांग्रेस शासन में 1962 में चीन ने हजारों एकड़ जमीन हड़प ली थी। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा ) पर 9 दिसंबर (शुक्रवार) को भारत और चीन के सैनिकों के बीच आमने-सामने का संघर्ष हुआ। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों ने तवांग सेक्टर में स्ट पार करने की कोशिश की। इसका भारतीय सैनिकों ने पूरी ताकत से जवाब दिया। इस दौरान हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 30 सैनिक घायल हुए। घायलों में ज्यादा संख्या चीनी सैनिकों की बताई जा रही है। एलएसी पर हुई इस झड़प के तुरंत बाद भारत और चीन के तवांग सेक्टर के सैन्य कमांडरों के बीच सीमा पर शांति बहाली के लिए फ्लैग मीटिंग भी हुई।

देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित :रक्षा मंत्री



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा को बताया, 9 दिसंबर की रात चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र तवांग में घुसपैठ की कोशिश की, जिसका भारतीय सैनिकों ने पूरे साहस के साथ सामने किया। इस दौरान दोनों पक्षों में झटप हुई। कुछ चीनी सैनिक घायल हुए हैं, लेकिन भारत का कोई जवान गंभीर घायल नहीं हुआ है। इसके बाद दोनों देशों के कमांडरों की मीटिंग हुई, जिसमें शांति बनाए रखने पर सहमति बनी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, सरकार सदन को आश्वस्त करना चाहती है कि देश की सीमाएं



पूरी तरह सुरक्षित है और सेना देश की एक इंच जमीन भी दुश्मन के हाथों में नहीं जाने देगी।

### विपक्ष पीएम के जवाब की मांग पर अड़ा

लोकसभा में विपक्ष पी एम के जवाब की मांग पर अड़ा। उधर, राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने नारेबाजी की। यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में तवांग झड़प का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चीन ने तवांग में हमारी सीमा में घुसपैठ की। यह बेहद गंभीर मामला है। बाद में दोनों सदन स्थगित हो गए। सरकार ने कहा कि डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह लोकसभा में और राज्यसभा में बयान देंगे। संसद की कार्यवाही शुरू होने के पहले राजनाथ ने अपने घर पर हाईलेवल मीटिंग बुलाई। इसमें फॉरेन मिनिस्टर एस. जयशंकर, छ्ष्ठस् लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत तमाम अधिकारियों ने जानकारी दी।

## पटेरिया के घर सुबह 5.30 बजे पहुंची पुलिस; पार्टी भी नोटिस देगी

# मोदी की हत्या की बात कहने वाला कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**भोपाल, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की बात कहने वाले कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को मंगलवार सुबह 5.30 उनके गृहनगर दमोह के हटा से गिरफ्तार कर लिया गया है। पटेरिया ने 11 दिसंबर को एक सभा में कहा था- अगर लोकतंत्र को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। इन द सेंस हराने का काम करो।

उनके इस बयान के बाद भाजपा हमलावर हो गई थी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटेरिया पर एफआई आर के निर्देश दिए थे। इसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। पटेरिया के खिलाफ पन्ना के पवई थाने में केस दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा था कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए हैं।



**पटेरिया ने माफी मांगी, कांग्रेस नोटिस जारी कर सकती है**

हालांकि, पटेरिया ने अपने बयान पर सोमवार की रात को माफी मांग ली। उधर कांग्रेस उनको नोटिस जारी कर सकती है। इससे पहले पटेरिया ने कहा था कि वे गांधी को मानने वाले हैं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। मेरा वीडियो गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा- मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस ... हराने के लिए तैयार रहो। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, वीडियो में जरा भी सच्चाई है तो ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस एक-एक कार्यकर्ता बापू के सत्य-अहिंसा के सिद्धांत का पालन करता है।

## आयकर विभाग ने इंदौर में रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े कई समूहों पर कार्रवाई

**इंदौर, यशभारत।** आयकर विभाग ने इंदौर में रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े कई समूहों पर मंगलवार सुबह कार्रवाई की। आयकर विभाग की टीम ने सुबह सबसे पहले रियल स्टेट स्कायअर्थ ग्रुप पर कार्रवाई की। टीम की स्कायअर्थ ग्रुप के एबी रोड स्थित सत्यसाई चौराहे पर स्थित ग्रुप के मुख्य कार्यालय पर यह कार्रवाई जारी है। इस समूह में स्काय लक्जरिया, स्काय पैलेस जैसे प्रमुख बिल्डिंग हैं। आयकर विभाग की टीम ने इसके अलावा ग्रुप के निदेशकों सागर चावला, निम्मी चावला, गोविंद चावला और नीरज सचदेव के यहां भी कार्रवाई की। उनके घर के अलावा आफिस पर भी यह कार्रवाई जारी है। अन्य रियल स्टेट समूहों पर आयकर विभाग की कार्रवाई की जा रही है।

### संसद पर हमले की 21वीं बरसी आज

## उपराष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ईएमएस।** भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की आज 21वीं बरसी है। आतंकवादियों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। संसद पर हुए हमले के 21 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन आज भी इस कायराना आतंकवादी हमले की यादें भारतीयों के दिलो-दिमाग में ताज हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी समेत कई नेताओं ने मंगलवार को संसद परिसर में शहीद जवानों को श्रद्धांजिल अपर्ति की और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। 21 साल पहले आज ही दिन के हुए इस हमले में नौ जवान शहीद हुए थे, जिसमें दिल्ली पुलिस के पांच जवान शामिल थे।



## अमेरिका ने भी लैब में बना लिया नकली सूरज

### खत्म हो जाएगा ऊर्जा संकट, आज होगा बड़ा ऐलान

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका ने पहली बार सफलतापूर्वक एक न्यूक्लियर फ्यूज़न रिएक्शन को अंजाम दिया है। कैलिफोर्निया में लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी में नेशनल इग्निशन फैसिलिटी में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने यह कारनामा कर दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध ऊर्जा पैदा हुई है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक स्त्रोत ने सीएनएन को इसकी जानकारी दी है। माना जा रहा है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग मंगलवार को आधिकारिक रूप से इसकी सफलता की घोषणा कर सकता है। न्यूक्लियर फ्यूजन प्रयोग को अक्सर च्लैब में कृत्रिम सूरज का उत्पादन कहा जाता है। एजेंसी की खबर के अनुसार इस प्रयोग के नतीजे क्लीन एनर्जी के एक अनंत स्त्रोत को हासिल करने की दशकों लंबी खोज में एक बड़ा कदम साबित हो सकते हैं। इसकी सफलता जीवाश्म ईंधन पर मानव की निर्भरता को खत्म करने में मदद कर सकती है। दशकों से शोधकर्ता लैब में न्यूक्लियर फ्यूजन का प्रयास कर रहे हैं। वे सूर्य को ऊर्जा देने वाले फ्यूजन को पैदा करना चाहते थे।

## किंग खान ने वैष्णो देवी में माथे पर लगाया टीका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहरुख खान की एक फोटो और एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। तस्वीर की बात करें तो ये माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद की बताई जा रही है। इसमें उनके



माथे पर टीका लगा हुआ है। वीडियो की बात करें तो ये मुंबई वापस लौटने का है। वो मास्क और हुडी से चेहरा छिपाए मुंबई वापस लौट आए हैं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान ने जबसे माता वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं, तबसे ही सोशल मीडिया पर हंगामा मचा हुआ है। SRK पठान की रिलीज से पहले कुछ ऐसा कर रहे हैं कि सबका ध्यान उनकी तरफ ही जा रहा है। पहले उन्हें मक्का में उमराह करते हुए देखा गया था और अब वो जम्मू-कश्मीर के त्रिकुटा पहाड़ियों की चोटी पर माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में दर्शन करने पहुंचे और टीका लगाया फिर चेहरे को ढंक लिया।



### भारत जोड़ो यात्रा का प्रदेश में 9 वां दिन

## राहुल को लोगों ने बताई समस्याएं, काम करने के सीएम गहलोत को आदेश

**सवाईमाधोपुर।** राजस्थान में राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के आज 9वे दिन सवाईमाधोपुर जिले में कई किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। राहुल गांधी यात्रा में लगातार स्थानीय समस्याओं पर लोगों से बात करके उनका फीडबैक ले रहे हैं। आज भी समाज के अलग-अलग तबकों के लोगों से यात्रा के दौरान और फिर लंच ब्रेक में चर्चा करेंगे। यात्रा 22.4 किलोमीटर का सफर तय करेगी। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लगातार लोगों से मिल रहे हैं। राहुल से किसान, मजदूर, व्यापारी सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, खिलाड़ी अलग अलग मुलाकातें कर रहे हैं। राहुल गांधी को पिछले सप्ताह भर में राजस्थान से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में फीडबैक मिला है। समाज के अलग-अलग तबके के लोगों ने राहुल से मिलकर सरकारी सिस्टम और योजनाओं से जुड़ी खामियां बताई हैं। लोगों से मिले फीडबैक के आधार पर राहुल गांधी ने सीएम अशोक गहलोत को कुछ बिंदुओं पर काम करने को कहा है। राहुल गांधी के सुझावों के आधार पर सरकार में अगले कुछ दिनों में बड़े फैसले होने की संभावना है।




### अधिनियम में संशोधन का विधेयक तैयार

# मप्र में हुक्का बार चलाना होगा प्रतिबंधित

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में हुक्का बार का संचालन प्रतिबंधित करने के लिए सरकार ने गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के प्रविधानों का अध्ययन करके अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित किया है। अभी हुक्का बार को बंद करने संबंधी कोई स्पष्ट प्रविधान नहीं है। पुलिस कार्रवाई होने पर हुक्का बार संचालक न्यायालय चले जाते हैं और उन्हें स्थगन भी मिल जाता है। गृह विभाग ने प्रस्तावित किया है कि कोई भी हुक्का बार का संचालन नहीं करेगा।**

इसका उल्लंघन किए जाने पर तीन वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। किसी भी स्थिति में कारावास की सजा एक साल से कम और अर्थदंड पचास हजार रुपये से कम नहीं होगा। पुलिस उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी को हुक्का बार की सामग्री या वस्तु की जब्ती करने का अधिकार होगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विधानसभा में प्रस्तुत करने से पूर्व इसे राष्ट्रपति की अनुमति के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा।



नशा और आपराधिक गतिविधियों के केंद्र बन गए हुक्का बार चलाना प्रदेश में प्रतिबंधित होगा। सरकार सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 में हुक्का बार लाउंज को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में संशोधन विधेयक 2022 लाएगी। इसे विधानसभा में प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रपति की अनुमति के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। गृह विभाग द्वारा तैयार विधेयक के प्रारूप पर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा। वहीं, 19 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए नगर पालिक विधि में संशोधन के लिए विधेयक के प्रारूप को अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार बजट दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा। इसमें सड़कों के रखरखाव के लिए लोक निर्माण विभाग को आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन विभाग को विभिन्न परियोजनाओं को गति देने के लिए अतिरिक्त राशि दी जा सकती है।

**आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए कदम**

उधर, नगरीय विकास एवं आवास विभाग आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए अध्यादेश के स्थान पर मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक कैबिनेट के अनुमोदन से विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत करेगा। इसमें यह प्रविधान किया जा रहा है कि कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी पशु को सार्वजनिक सड़क या स्थान पर खुला छोड़ता है या बांधता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# नए वर्ष और क्रिसमस पर फुल हुए नेशनल पार्क
# अब कटनी में रूक रहे कई सैलानी

## कोविड से उबरे पर्यटन में लगेंगे चार चांद, जंक्शन होने का लाभ मिलेगा



**कटनी, यशभारत।** पर्यटन की दिशा में कटनी के लिए खबर बेहद अच्छी है। कटनी में भले ही कोई ऐसा पर्यटन स्थल नहीं है जहां देश दुनिया से पर्यटक आते हैं लेकिन कटनी ऐसा जिला जरूर है जो दो दो नेशनल पार्क की सीमा से जुड़ा है। पन्ना टाइगर रिजर्व तथा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व जाने के लिए कटनी ही एक मात्र बेहतर स्थान है जहां से सड़क और रेल मार्ग से पहुंचाा जा सकता है। खास बात यह है कि इन दोनों ही जगह जाने के लिए इस बार पर्यटकों में होड़ लगी है लगे भी क्यों न बीते दो सालों में कोविड से लड़ते हुए देश में बड़ी मुश्किल से राहत मिली इसका सबसे ज्यादा असर किसी ने झेला तो वह पर्यटन उद्योग ही था अब इस साल बिना किसी पाबंदी के पर्यटकों को घूमने की छूट है लिहाजा सैलानियों ने एक माह पहले से ही अपना डेस्टीनेशन तय कर लिया था। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश में सैलानियों ने एक माह पहले ही बुकिंग करा ली है। प्रदेश में पचमढ़ी सहित कई ऐसा पर्यटक स्थलों में बुकिंग फुल हो चुकी हैं। कटनी से सटे बसे बांधवगढ़ में भी 70 फीसदी बुकिंग फुल हैं जबकि पन्ना टाइगर रिजर्व में यह आंकड़ा 80 फीसदी तक जा चुका है। खाब बात यह है कि इन दोनों स्थानों में आने जाने के लिए कटनी बेहतरीन सेंटर है यहां से एक घंटे में बांधवगढ़ तथा दो घंटे में पन्ना टाइगर रिजर्व पहुंचा जा सकता है लिहाजा कई सैलानियों ने कटनी में ही रूकने का प्लान बनाया है। बड़ी होटलों में रूम बुक हैं तो वहीं टेक्सी के लिए ट्रेवल्स में लग्जरी गाड़िया भी बुक कर ली गई हैं। मतलब साफ है कि इस बार उत्साह के साथ कटनी बांधवगढ़ और पन्ना जाने वाले सैलानियों की सुविधाओं के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बन गया है। पर्यटन विभाग ने भी माना है कि कटनी से सैलानियों को ट्रेन का सबसे सुलभ साधन मिलता है लिहाजा सैलानी यहां उतरकर आगे सड़क मार्ग से यात्रा करने में ज्यादा सुलभता पाते हैं इसीलिए कटनी में भी सैलानियों की सुविधाओं की बुकिंग तेज है। माना जा रहा है कि 25 दिसंबर से एक जनवरी के बीच कटनी जिले में सभी प्रमुख होटल, मोटल, टेक्सी लग्जरी बस आदि बुक रहेंगी।

साफ है कि क्रिसमस और नये साल का जश्न मनाने की तैयारियां अब तेज हो चुकी हैं। यही वजह है कि नया साल आने में अभी 15 दिन से अधिक का समय शेष है, लेकिन प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर स्थित राज्य पर्यटन विकास निगम (एमपीएसटीडीसी) की इकाइयां (होटल व रिसोर्ट) फुल हो चुके हैं। पचमढ़ी, मढ़ई, पेंच, पन्ना और मांडू में तो 24 दिसंबर 2022 से एक जनवरी 2023 तक एक भी कमरा खाली नहीं है। इससे पता चलता है कि पर्यटकों को प्रकृति और हेरिटेज पसंद आ रहा है।



# कार्यसमिति में मुख्यमंत्री सहित कई नेता पहुंचेंगे कटनी

**कटनी, यशभारत।** कटनी में पहली बार आयोजित होने जा रही भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसके लिए भाजपा की ओर से तैयारियां प्रारंभ तो हो ही चुकी हैं सीएम के आने की खबर के बाद कटनी का प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। आपको बता दें कि कटनी में पहली बार भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण कही जाने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होने जा रही है एक दिवसीय बैठक में प्रमुख भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यसमिति सदस्य जिनकी संख्या करीब 213 है यह सभी शामिल होगे इसके अलावा कुछ वरिष्ठ नेताओं के साथ कुल मिलाकर लगभग 250 लोग ही शामिल होंगे। इन्हीं अपेक्षित श्रेणी के लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों को इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रवेश मिलेगा इसके अलावा व्यवस्था समिति के लोग अंदर जा पाएंगे मीडिया के लिए मीडिया सेंटर स्थापित होगा जहां से मीडिया को जानकारी अथवा नेताओं की प्रेस ब्रीफिंग होगी। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी ने बताया कि भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अत्यधिक अनुशासन में होती है जिसका पालन करने सभी व्यवस्था प्रभारियों को जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि कटनी के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण अवसर है जब इस बड़ी बैठक की मेजबानी कटनी कर रहा है। कई वरिष्ठ नेताओं का मार्ग दर्शन होगा। इसके लिए जो भी आश्यक नियम होते हैं उनकी जानकारी कार्यकर्ताओं को दे दी गई है। जिस दायित्व में जिस कार्यकर्ता का नाम होगा वह सिर्फ उसी दायित्व को निभाएगा। इस तरह से करीब 15 प्रमुख दात्वि के विभाग बनाए गये हैं। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की कोशिश है है कि कटनी में यह बैठक ऐतिहासिक हो।

इधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रवास को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री कटनी में दो दिन रहेगें। प्रदेश कार्यसमिति के अलावा 18 दिसंबर को लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में भी सीएम के शामिल होने की अनुमति प्राप्त हुई है। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगमन की भी संभावना है। सीएम के प्रवास को लेकर आज जिला कलेक्टर भी स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं।

# खेलों के प्रचार प्रसार को लेकर कई निर्णय



**कटनी, यशभारत।** गत 12 दिसंबर को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में पुरुष हॉकी विश्व कप प्रतियोगिता के संबंध में प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भोपाल से आए दल के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को हॉकी खेल के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य उत्कृष्ट उमावि कटनी श्रीमती विभा श्रीवास्तव जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप कुमार डांगीवाल, प्रमोद डेहरिया, शैलवाला मैथ्यू, सुधारानी राव, नीतू निषाद एवं पिंकी बलानी सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहा।




## सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 09 से
दोपहर 2.30 एवं रात्रि 10.15 बजे से



डेन्जरस
कलाकार- अपसरा रानी, नैना गांगुली, राजपाल यादव, गोरधन सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 02 से
दोपहर 12.30 एवं सायं 6.30 बजे से



भेड़िया
कलाकार- वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 5 शो ता. 02 से
दोपहर 12, 3.30, 5.15, 7.45 एवं रात्रि 9.30 बजे से




दृश्यम-2
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


# प्रवासी मजदूरों दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



**कटनी, यशभारत।** जिले के बहोरीबंद ब्लॉक के ग्राम खिहनी में में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के लिए जन साहस संस्था की ओर से समुदायिक बैठक की गई जिसमें मजदूरों को एक राष्ट्र एक राशन सुरक्षित पलायन मानव तस्करी मजदूर हेल्पलाइन 18002000211 महिला हेल्पलाइन 180030002852 मानसिक स्वास्थ्य बालिका संरक्षण एवं शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जैसे संबल, भवन संनिर्माण राशन पर्ची आयुष्मान कार्ड के लाभों को विस्तार पूर्वक जानकारी ग्राम पंचायत खरहनी के सचिव जुगल किशोर साथ में जीआरएस सरपंच एवं जगदीश दीवान जैन साहब, फील्ड अफसर अरविंद पटेल, जन साथी मीना सूर्यवंशी जन साथी पंकज रैदास जी एवं सामाजिक वालंटियर उदेश जी पूरा सहयोग रहा

# जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**कटनी,यशभारत।** संजय पाठक फ्रेन्डस ग्रुप के सदस्यों ने झुर्री ग्राम व चन्द्रशेखर आज़ाद वार्ड मे जरुरतमंद लोगों को कंबल व बच्चों को टी शर्ट वितरित की। इस मौके पर मनीष लालवानी अध्यक्ष राहुल झा महामंत्री, अंकित अग्निहोत्री सचिव, कपिल भाटिया कोषाध्यक्ष, रफीक खान वार्ड प्रभारी चेतन कुशवाह वार्ड प्रभारी करण मिश्रा, मोनी लालवानी सहित सभी कार्यकर्ता व सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही ।



# नगर निगम के खिलाफ युवाओं ने किया प्रदर्शन

### कार्यशैली के विरोध में समर्थ युवा शक्ति संगठन ने किया पुतला दहन

**कटनी, यशभारत।** आरोप है कि कटनी नगर की लगातार बद से बद्तर होती स्थितयों से आज कटनी का के लोग न सिर्फ वाकिफ वरन परेशान भी हैं। आरोप के साथ समर्थ युवा शक्ति संगठन ने प्रर्दशन किया समिति ने कहा कि सड़कों पर हर तरफ अतिक्रमण, अव्यवस्था व्यपात्त है। विकास की योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित है,। न पुल बन पा रहे है न पुलिया, सड़कें, नाली, खम्बे जैसी तमाम मूलभूत सुविधाओं के लिए, कॉलोनी वैधीकरण की फ़ाइल वर्षों से अटकी हुई है। इसी तरह हॉकर्स ज़ोन, व्यवस्थित चौपाटी, घंटाघर चांडक चौक सड़क के विकल्प के रूप में, बस स्टैंड क्षेत्र को नई बस्ती से जोड़ने वाला गिरजाघाट रपटा 2011 से फ़ाइल में ही कैद है। कटनी के विकास की तमाम योजनाओं की क्या बात करें, जब नगर निगम का अतिक्रमण व हाकां गैंग विभाग नगर व्यवस्था में 100फीसद फेल दिखाई दे रहा है। अब इन्ही अव्यवस्था के कारण लोगों में असंतोष की सारी सीमाएं पार कर चुकी हैं और इसी के चलते समर्थ युवा शक्ति संगठन द्वारा कटनी नगर के पांचो थाना क्षेत्र में पुतला दहन कार्यक्रम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगो की उपस्थिति प्रमुख रूप से थी।



## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी, म.प्र.

क्र./4445/लो.नि.वि./निर्माण/ 2022/ — कटनी, दिनांक:- 12/12/2022

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के रोड एण्ड ब्रिज/भवन आई.एस.एस.आर. 2021 के आधार पर प्रतिशत दर पर दी जावें। समस्त शर्तें व कार्यों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्यदिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी को होगा। नवीन लेखा नियम प्रभावशील रहेगा।

| क्रं | कार्य का स्थल | प्राक्कलन राशि (रुपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | समय अवधि (वर्षा ऋतु छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगन्नाथ चौराहा से घंटाघर तक सी.सी. रोड निर्माण, आर.सी.सी. ड्रेन मरम्मत, क्रॉस ड्रेन एवं सीवर लाइन का कार्य। | 299.81 | 149905 | 90 दिवस | 15000/- | प्रथम |

शर्तें:- शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा, जो अनुबंध का एक अंश होंगे निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 13/12/2022 को सायंकाल 5:30 से। (2) प्री बिड मीटिंग दिनांक 20/12/2022 को दोप. 12:00 बजे। (3) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि28/12/2022 को सायंकाल 5:30 बजे तक (4) बिड खोलने की तिथि 30/12/2022 को प्रातः 11:00 बजे से।

कार्यपालन यंत्री, वास्ते आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 2721/खनिज/2022 — कटनी, दिनांक 30/11/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/मॉं पीताम्ब्रा माईन्स एण्ड मिनरल्स पार्टनर श्री धर्मेन्द्र लिटोरिया निवासी कटनी तहसील व जिला कटनी (म0प्र0) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 08.11.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | बड़वारा | भगनवारा | 21 | कुल रकवा 14.470 हे0 मे से भाग रकवा 7.00 | शासकीय भूमि | मार्बल | |
| | | | कुल रकबा | 7.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी- 20353/22 — प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 2714/खनिज/2022 — कटनी, दिनांक 29/11/2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/जय कुमार गर्ग निवासी कलेहरा तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी (म0प्र0) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 25.11.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | विजयराघवगढ़ | परसवारा | 1128/1, 1133, 1136, 1137, 1148 एवं अन्य | कुल रकवा 4.00 हे0 | शासकीय भूमि | पत्थर, गिट्टी | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी- 20354/22 — प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 13 दिसंबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# दूसरी तिमाही में गिरी रैंकिंग, 7 से 22वे पायदान पर पहुंचा जिला

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूलों में कराया था सर्वे, कई सरकारी स्कूलों की स्थिति खराब, सुधार की जरूरत

**कटनी, यशभारत। सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए केन्द्र के साथ ही राज्य सरकार हर साल करोड़ों रूपए की राशि खर्च कर रही है। स्कूलों में पढ़ाई के साथ ही ही अन्य गतिविधियों पर भी फोकस किया जा रहा है। खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही मनोरंजक गतिविधियों और मध्यान्ह भोजन को प्राथमिकता में शामिल किया गया है, इसके बावजूद लचर शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आती नहीं दिख रही है। स्कूल शिक्षा विभाग की सर्वे रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिला भी उन जिलों में शामिल हो गया है, जहां पढ़ाई के मामले में बच्चों की स्थिति काफी दयनीय है। यही कारण है कि पहली तिमाही में जहां कटनी जिला पूरे प्रदेश में सातवे नंबर था तो वहीं अब रैंकिंग गिरकर 22वी हो गई है। यह सर्वे रिपोर्ट तब सामने आई है, जब अगले कुछ महीने में बच्चों की वार्षिक परीक्षा होने वाली है। इस रिपोर्ट ने जिले में शैक्षणिक व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है, इसके पीछे एक कारण शिक्षकों का स्कूलों की बजाए राजनीति की तरफ ज्यादा ध्यान देना है।**

### डिस्ट्रिक्ट रिपोर्ट कार्ड : एलिमेंट्री एजुकेशन, द्वितीय तिमाही

| | |
|---|---|
| एनरोलमेंट एंड रीटेंशन | 14.8 |
| लर्निंग आउटकम एंड क्वालिटी | 14.9 |
| टीचर प्रोफेशनल डेव्लपमेंट | 10.4 |
| इक्विटी | 11.4 |
| इन्फ्रक्स्ट्राचर एंड फेसिलिटी | 9.1 |
| गवर्नेंस प्रोसेस एंड फाइनेंशियल मैनेजमेंट | 7.1 |
| न्यू इंडिया लिट्रेसी प्रोग्राम | 0.4 |
| कुल टोटल | 67.93 |
| 52 जिलों में ग्रेड | बी |
| 52 जिलों में रेंकिंग | 22वी |
| पहली तिमाही में रेंकिंग | 7वी |

### इस तरह किया गया मूल्यांकन

मौखिक और लिखित दोनों घटकों पर प्रत्येक छात्र का मूल्यांकन किया गया है। मौखिक भाषा के विकास के शुरुआती सीखने के कौशल, प्रवाह को पढ़ना और लेखन का मूल्यांकन साक्षरता कौशल और संख्या बोध,, आकार के लिए किया गया था। स्थानिक मान्यता, बुनियादी जोड़ और घटाव प्रश्न संख्यात्मक कौशल के लिए मूल्यांकन किया गया। औसतन मूल्यांकन का समय हर छात्र 25-30 मिनट था। जहां छात्र को पढ़ने की आवश्यकता थी और उत्तर देने के लिए चित्र दिखाए। ध्वनि और आकार आदि तरह से प्रयोग किए गए।

### घर की भाषा में आसानी से समझ रहे

सर्वे में वजन और पैसों को लेकर सवाल किए गए, तो यह सबसे ज्यादा रहा। बताया जाता है कि सर्वे में यह सामने आया कि अगर बच्चों को उनकी लोकल भाषा में सिखाया जाए, तो जल्दी सीखते हैं। इसलिए अब हम लोकल भाषा या बोली पर ज्यादा जोर रहे हैं। प्राइमरी लेवल पर इसी तरह से किताबें और कहानी की किताबें होंगी।




### प्रत्येक ब्लॉक से 10 स्कूल को शामिल

प्रदेश राज्य में 25 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की पहल मिशन अंकुर निपुन भारत मिशन 2021 के तहत राज्य का एफएलएन मिशन है। यह कक्षा 1-3 में छात्रों के लिए सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए है। इसके लिए एफएलएन बेसलाइन अध्ययन में 2 हजार 755 स्कूलों में 27 हजार 550 छात्रों को शामिल किया गया। राज्य के 52 जिलों के सभी प्रखंडों एक प्रतिनिधि रखने के लिए सभी जिलों से कक्षा 2 के छात्रों की जनसंख्या, छात्रों को शामिल किया गया। प्रत्येक ब्लॉक से 10 स्कूलों को लिया गया। ग्रामीण और शहरी के बीच 80-20 प्रतिशत के अनुपात में उनके यूडीआईएसई कोड विभाजित किए गए।

### तैयार हो रहा नया प्लान

पहली से तीसरी क्लास की स्थिति को देखते हुए अब स्कूल शिक्षा विभाग ने नया प्लान तैयार किया है। इसमें बच्चों को रेत पर बच्चों से लिखवाने से लेकर लोकल भाषाओं में किताबें तक बनाई जाने के प्रयोग किए जाएंगे। इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने का समय आ गया है। हमें 2027 के लक्ष्य को पाने के लिए शिक्षा में कई बदलाव करना होगा। यह बच्चों के सीखने की क्षमता से लेकर शिक्षकों के पढ़ाने और अभिभावकों के रुचि लेने तक है।

### इनका कहना है

ऐसा नहीं है कि कटनी जिले की रैंकिंग बहुत ज्यादा कम आई है। पहली तिमाही में कटनी जिला पूरे प्रदेश में सातवे नंबर पर था। दूसरी तिमाही में रेंकिंग कम आने के पीछे कई कारण है। कई चीजों पर सुधार की जरूरत है। पोर्टल पर एंट्री भी नहीं हो पाई है। बड़े शहरों और महानगरों की तुलना में कटनी जिले की रेंकिंग ठीक है। आगे प्लान बनाकर सुधार कार्य किया जाएगा। जिन चीजों पर नंबर कम आए है, उस पर पूरा फोकस किया जा रहा है।

**-के के डेहरिया, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कटनी**

# खरीदी केन्द्रों से 60 प्रतिशत धान का नहीं हुआ परिवहन

### जिले में 3 हजार 877 किसानों से 36 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन

**कटनी, यशभारत। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का सिलसिला जारी है। जिले में अब तक 24 हजार 413 किसानों ने धान बेचने के लिए स्लाट बुकिंग की है, जिसमें से 3 हजार 877 किसानों ने अब तक 36 हजार 851 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया है। धान जिस तेजी से केंद्र में पहुंच रही है, उस गति से उठाव नहीं हो रहा है। अधिकांश केंद्र गोदामों में होने के बावजूद भी बाहर तौल हो रही हैं लेकिन समय पर उपज को सुरक्षित नहीं कराया जा रहा है। आज सुबह से ही मौसम खराब है। कई जगह आसमान से बूंदाबांदी भी हुई है। आसमान में सुबह से बादल छाए हुए हैं, इसके बावजूद अधिकारी समय पर उपज सुरक्षित कराने रुचि नहीं दिखा रहे है। अभी भी 60 प्रतिशत धान का परिवहन नहीं हुआ है।**



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा धान उपार्जन कार्य की नियमित निगरानी और समीक्षा की जा रही है, बावजूद इसके समय पर प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। कलेक्टर द्वारा उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन के मामले में जिले की बरही तहसील आगे है। यहां अब तक 890 किसानों से 8 हजार 205 मीट्रिक टन धान खरीदी जा चुकी है। इसमें से 1355 मीट्रिक टन धान का परिवहन कर सुरक्षित भंडारण भी किया जा चुका है। ढीमरखेड़ा तहसील पहले स्थान पर है। यहां की सर्वाधिक 906 किसानों ने अब तक अपनी धान समर्थन मूल्य पर बेची है। ढीमरखेड़ा तहसील के खरीदी केंद्रों में अब तक 7 हजार 762 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

### 81 केन्द्रों में 2040 के भाव से हो रही खरीदी

जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला ने बताया कि कटनी तहसील में अब तक 412 किसानों से 4 हजार 646 मीट्रिक और बड़वारा तहसील में 621 किसानों से 5 हजार 668 मीट्रिक टन तथा बहोरीबंद तहसील में 404 किसानों से 4 हजार 174 मीट्रिक टन एवं रीठी तहसील में 175 किसानों से 1 हजार 730 मीट्रिक टनए विजयराघवगढ तहसील में 431 किसानों से 4 हजार 247 मीट्रिक टन और स्लीमनाबाद तहसील में 38 किसानों से 419 मीट्रिक टन धान उपार्जन अब तक की जा चुकी है। गौरतलब है कि जिले के 81 केंद्रों में 2040 रुपए के भाव से धान खरीदी जा रही है।

### जिले में धान उपार्जन की स्थिति

| तहसील | किसानों की संख्या | धान का उपार्जन (मीट्रक टन में) |
|---|---|---|
| बरही | 890 | 8 हजार 205 मीट्रिक टन |
| ढीमरखेड़ा | 906 | 7 हजार 762 मीट्रिक टन |
| कटनी | 412 | 4 हजार 646 मीट्रिक |
| बड़वारा | 621 | 5 हजार 668 मीट्रिक टन |
| बहोरीबंद | 404 | 4 हजार 174 मीट्रिक टन |
| रीठी | 175 | 1 हजार 730 मीट्रिक टन |
| विजयराघवगढ़ | 431 | 4 हजार 247 मीट्रिक टन |
| स्लीमनाबाद 38 | 419 मीट्रिक टन धान | |





# खुदाई के बाद मिली टीव्हीएम, रिपेयरिंग का काम शुरू

## नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों ने ली राहत की सांस, अमेरिका और यूके से आए टेक्नीशियन सुधार रहे मशीन

**कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद में बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत बन रही अंडर ग्राउंड टनल में नर्मदा घाटी विकास के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। अप स्ट्रीम की टीवीएम तक पहुंचने निर्माण कार्य एजेंसी का तकनीकी दल सफल हो गया है। 100 फीट खुदाई के बाद टीवीएम मिली, जिससे अब रिपेयरिंग करने का काम शुरू किया गया। एनवीडीए के अधिकारियों की कोशिश है कि 9 जनवरी तक हर हाल में टीवीएम का सुधारकार्य कर लिया जाए और आगे खुदाई का कार्य शुरू हो।**

एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि अप स्ट्रीम की टनल खुदाई सिंहुड़ी पहुंच चुकी है, जहां डाउन स्ट्रीम की तरह टीवीएम तक पहुंचने तलैया आकार का गड्ढा खोदा गया है। टीवीएम मिलने के बाद रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो गया है। टीवीएम की रिपेयरिंग अमेरिका एवं यूके के टेक्नीशियन के द्वारा की जा रही है। जिनके द्वारा मशीन के पाट्र्स बदले जाएंगे। टीवीएम के सुधार कार्य में 20 से 30 दिन का समय लग सकता है। अफसरों ने बताया कि टीवीएम में कटर बदलने के बाद गड्ढे की फिलिंग कर मशीन आगे की ओर खुदाई कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि 12 किलोमीटर अंडर ग्राउंड टनल खुदाई में अब तक 8.481 किलोमीटर खुदाई का कार्य हो गया है। शेष 3.471 किलोमीटर खुदाई कार्य शेष है, जिसमें अप स्ट्रीम से 3 किलोमीटर तो डाउन स्ट्रीम से 5031 किलोमीटर खुदाई हुई है।स्लीमनाबाद अंडर ग्राउंड टनल का निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय सीमा मुख्यमंत्री ने जून 2023 निर्धारित की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा निर्धारित समय सीमा के बाद राजधानी से एनवीडीए के अधिकारी टनल के कार्य पर नजर बनाए हुए हैं साथ ही निरीक्षण कर कार्य स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। इसी माह ही एनवीडीए के एसीएस ने स्लीमनाबाद में टीवीएम स्थल व अप स्ट्रीम का निरीक्षण कर कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए थे साथ ही टनल कार्य सावधानी, सुरक्षा व गुणवत्तापूर्ण हो इस बात की भी जवाबदेही तय करने को कहा था।

### जून 2023 निर्धारित की गई समय सीमा

### सुरक्षा व गुणवत्ता से खिलवाड़

उल्लेखनीय है कि 12 फवरी 2022 को स्लीमनाबाद पहुंची डाउन स्ट्रीम की टीवीएम की खुदाई के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था, जिसमें सुरक्षा व गुणवत्ता से खिलवाड़ किया गया था और 2 श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस हादसे से टनल का काम काफी प्रभावित हुआ है। 100 फीट की खुदाई के बाद अप स्ट्रीम की टीवीएम मशीन मिली है। टीवीएम मशीन की रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो गया है। टेक्नीशियन टीवीएम मशीन की रिपेयरिंग कर रहे हैं। निर्धारित समय सीमा में टनल का कार्य पूर्ण हो इसके लिए पूरी कोशिश की जा रही है।

# घरेलू मीटर और पंपों में लगाए क्यूआर कोड

**कटनी, यशभारत।** बिजली विभाग के द्वारा कृषि एवं घरेलू कनेक्शनों में क्यूआर कोड लगानेए बिल वसूली सहित बकायादारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। गत दिवस टीम पिपरिया सहलावनए तिघरा और भटगवां गांव पहुंची। यहां उपभोक्ताओं के घरेलू और कृषि पंपों पर क्यूआर कोड लगाए गए तो वहीं बकायादारों के पंपों को बाहर कर उन पर कार्रवाई की गई। उमरियापान कनिष्ठ अभियंता ईशान चंद्रा ने बताया कि क्यूआर कोड लगाने से यह फायदा होगा कि उपभोक्ताओं के बिलों की सटीक रीडिंग और लोकेशन की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। उमरियापान वितरण केंद्र के अंतर्गत 17 लाख रुपए के पंप बिल 970 लोगों के बकाया हैं, जिनकी रिकवरी हो रही है। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता ईशान चंद्रा, संतोष शर्मा, सीताराम साहू, प्रीतम साहू, देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।



# पहले मैच में सनकुई टीम की शानदार जीत

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के समीपी पकरिया गांव में रविवार से क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे और सरपंच शिवचरण पटेल ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। पहला मैच उमरियापान और सनकुई के बीच खेला गया। उमरियापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में 6 विकेट खोकर 128 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनकुई की टीम ने 12वें ओवर में ही मैच जीत लिया है। इस मौके पर आकाश दुबे, विराट पांडेय, अभिलाष दुबे, संजय दाहिया, गौरव उपाध्याय, आदित्य गौतम, गुड्डू, शोभित, छुटकी, राहुलए सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विकास के लिए करणी सेना भी आई साथ



**कटनी, यशभारत।** शहर के सौंदर्यीकरण, ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना व घंटाघर मार्ग के चौड़ीकरण व सुधारकार्य को लेकर होने वाले अनिश्चित धरना प्रदर्शन में अब छत्रिय सेवा समिति व श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने मोर्चा संभालते हुए आयोजक समिति को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि आगामी 16 दिसंबर से महाकाल सरकार सेवा समिति द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रारंभ किया जाना है। आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिये आज करणी सेना जिलाध्यक्ष गनेश सिंह चौहान के आवास पर समिति पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें करणी सेना व छत्रिय सेवा समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने करणी सेना व छत्रिय सेवा समिति ने हर संभव मदद का आस्वासन दिया। इस दौरान सत्यम सिंह चौहान, रौनक खंडेलवाल, तनु दीक्षित, दिव्यांक सिंह चौहान, प्रदीप द्विवेदी, योगेश सोनी, संदीप पायल सहित अन्य की मौजूदगी रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 09nd December 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW..
Schedule for the 09.12.2022 to 15.12.2022

| AUDI - 1 | SHOW | RATE |
|---|---|---|
| MAARRICH 2D HN | 01:00PM | 100-120-150-250 |
| MAARRICH 2D HN | 04:00PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 07:00PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 10:00PM | 100-120-150-250 |
| AUDI - 2 | SHOW | |
| DRISHYAM-2 | 12:30PM | 100-120-150-250 |
| DRISHYAM-2 | 03:30PM | 100-120-150-250 |
| BHEDIYA 3D HN | 06:30PM | 130-150-200-300 |
| BHEDIYA 2D HN | 09:30PM | 100-120-150-250 |
| AUDI - 3 | SHOW | |
| SHADOW ASSISSIAN 2D HN | 12:00PM | 100-120-150 |
| DRISHYAM-2 | 03:00PM | 100-120-150 |
| VIJAYANAND 2D HN | 06:00PM | 100-120-150 |
| MAARRICH 2D HN | 09:00PM | 100-120-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी में
जिले की एक मात्र न्यूरो & ट्रामा यूनिट
जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी यूनिट
न्यूरो सर्जन
ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक यूनिट
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी
ब्रेन की नसों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
इन्ट्राकैनियत हेमरेज क्वाइलिंग
दूरबीन द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन के ऑपरेशन
Dr.S.K.Gupta
M.B.B.S., M.S. (SURGERY) M.Ch (Neuro) SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
पैथालॉजी
कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग एवं जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
हार्निया
ऍपेन्डिक्स
पित्त की थैली की पथरी
आंतों एवं पेट की अन्य बीमारियों हेतु
Dr.S.K.Singh
M.B.B.S., M.S., F.M.A.S
प्रतिदिन उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध
प्रतिदिन उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

## दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, स्वतंत्र भारत में अपने पैरों पर खड़े होने के जो प्रयत्न होने चाहिए थे, वे नहीं हुए

**भोपाल यशभारत।** भारत में लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की व्यवस्था थी पर हम पिछड़ गए। स्वतंत्र भारत में अपने पैरों पर खड़े होने के वह प्रयत्न नहीं हुए, जो होने थे। हमें विचार करना चाहिए कि कैसे अपने स्तर पर रोजगार बढ़ाने के प्रयास कर सकते हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कही। वे स्वदेशी जागरण मंच के जिला रोजगार सृजन केंद्रों के लोकार्पण के बाद बोल रहे थे।



उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान के तहत सोमवार को भोपाल केंद्र का प्रत्यक्ष और विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना और श्योपुर केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। होसबाले ने कहा कि रोजगार के लिए इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है। प्रशासनिक अधिकारियों को स्वरोजगार के लिए सरकारी सहायता चाहने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें मार्गदर्शन दें, उन पर भरोसा करें। चाहे स्वरोजगार छोटा हो पर समाज में इसके प्रति सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए। भारत को स्वावलंबी बनाने का यह अभियान समूचे समाज का अभियान बनना चाहिए। यहां खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश, स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह समन्वयक जितेंद्र गुप्त और स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत की महिला कार्य प्रमुख प्रतिभा चतुर्वेदी उपस्थित थे। जितेंद्र गुप्त ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र के 24 संगठनों ने भारत को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लिया है।

# पीएससी के 113 प्रतिशत रिजल्ट घोषित करने के फार्मूले का विरोध

**भोपसल, यशभारत। मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) द्वारा घोषित किए जा रहे 113 प्रतिशत रिजल्ट को कोर्ट में चुनौती दे दी गई है। करीब चार वर्षों से प्रदेश में ओबीसी के बढ़े हुए आरक्षण पर जारी विवाद कोर्ट में लंबित है। इतने वर्षों में रिजल्ट घोषित नहीं होता देख पीएससी बीते महीनों से बीच के फार्मूला से नतीजे जारी कर रहा है। पदों के मुकाबले 87 प्रतिशत का मुख्य परिणाम और 13-13 प्रतिशत के दो प्राविधक परिणाम घोषित किए जा रहे हैं। इसे नियम और कानून के विपरीत बताते हुए अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया है।**



पीएससी बीते महीनों से एक के बाद एक करीब पांच परीक्षाओं के अंतिम परिणाम 87-13-13 के फार्मूले पर घोषित कर चुका है। आयोग के अनुसार प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस फार्मूले के आधार पर आयोग को रिजल्ट घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को आधार बनाकर 87 प्रतिशत पदों के अनुक्रम में मुख्य परिणाम घोषित किया जाता है। शेष दो प्रावधिक नतीजे होते हैं। एक में 13 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवार होते हैं। जबकि एक अन्य सूची में 13 प्रतिशत ओबीसी के उम्मीदवारों की चयन सूची होती है। पीएससी के अनुसार आने वाले समय में कोर्ट का निर्णय आरक्षण के मामले में कुछ भी हो चयन सूची मान्य रहेगी। यदि कोर्ट ओबीसी के बढ़े हुए आरक्षण के पक्ष में निर्णय सुनाता है तो पीएससी 13 प्रतिशत ओबीसी वाली प्रावधिक सूची को चयनित मुख्य सूची में शामिल कर लेगा। यदि फैसला ओबीसी के बड़े आरक्षण के विरोध में आता है तो अनारक्षित वर्ग के 13 प्रतिशत प्रावधिक को मुख्य सूची में शामिल कर लिया जाएगा।

### सही नहीं है फार्मूला

87-13-13 के फार्मूले को चुनौती देते हुए छात्र नवीन मेश्राम ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीएससी द्वारा केविएट दायर होने के कारण कोर्ट पहले पीएससी का पक्ष जान रहा है। याचिकाकर्ता के वकील विभोर खंडेलवाल के अनुसार, दरअसल पीएससी ने बीते दिनों जो रिजल्ट जारी किए उसमें ओबीसी के कटआफ अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों से ज्यादा है। इसी तरह महिला अभ्यर्थियों के चयन का कोई आंक?ा नहीं है। पीएससी ने प्रावधिक सूची में 13 प्रतिशत जो अनारक्षित सूची बनाई है।

## कोर्ट में याचिका

## पटवारी भर्ती परीक्षा के पदों की संख्या बढ़ी, 19 जनवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

भोपाल, यशभारत। मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली पटवारी भर्ती परीक्षा के पदों की संख्या बढ़ा दी गई है। अब यह भर्ती 6 हजार 755 पदों पर होगी। इससे पहले जारी नोटिफिकेशन में 2 हजार 736 पदों पर पटवारी की भर्ती निकाली थी। चयन मंडल ने अपडेटेड नियमावली जारी कर दी है। इसमें पटवारी समेत कुल 7983 पदों पर भर्ती निकाली है। यह भर्ती ग्रुप 2 (सब ग्रुप 4 ) के तहत निकाली गई है उम्मीदवार 5 से 19 जनवरी 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 24 जनवरी तक आवेदन में त्रुटि कर सकते हैं। यह परीक्षा 15 मार्च 2023 को दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।यह परीक्षा दो चरणों में होगी। पहला चरण का समय सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। दूसरे चरण का समय दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, सतना, खंडवा, नीमच, मंदसौर, सीधी, रीवा, सागर में आयोजित की जाएगी।



## स्कूल बस में बच्चियों से बलात्कार के दोषी को जीवत पर्यंत तिहरा आजीवन कारावास

भोपाल, ईएमएस। स्थानीय अदालत ने तीन महीने पहले हुई स्कूल बस में दो बच्चियों के साथ बलात्कार की घटना के मुख्य आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जीवन पर्यंत तिहरे आजीव कारावास और मामले में सहआरोपी महिला को दोषी करार देते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सोमवार को सुनाई।जिला अभियोजन अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया, ''आज विशेष पॉक्सो अदालत की न्यायाधीश शैलेजा गुप्ता ने भोपाल में स्कूल बस में दो बच्चियों के साथ हुए बलात्कार के मामले के दोषी स्कूल बस चालक हनुमत जाटव को भादंसं की धारा 376 (एबी), 376 (2) एन एवं पॉक्सो एक्ट में अंतिम सांस तक जेल में बंद रहने की, तिहरा आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।'' उन्होंने बताया, ''अदालत ने इस मामले में सहआरोपी बस केयरटेकर उर्मिला साहू को पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई है।'' त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने इन दोनों पर 32-32 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है कुल राशि का आधा हिस्सा दोनों बच्चियों में बराबर बांटने को कहा है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने फैसले में विशेष टिप्पणी करते हुए कहा, ''जब पवित्र शिक्षण संस्थाओं में ही बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित ना हो तो समाज में बलिकाओं/महिलाओं के स्वतंत्र अस्तित्व विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती तथा आरोपीगण द्वारा किया गया कार्य न केवल घृणित व गंभीर प्रकृति का है ।

# जयंत मलैया के बहाने भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने की संगठन की घेराबंदी

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश के दमोह में रविवार को पूर्व मंत्री व दिग्गज भाजपा नेता जयंत मलैया के अमृत महोत्सव में हुए एक घटनाक्रम ने पार्टी को ही चौंका दिया। दमोह विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार के बाद पार्टी द्वारा मलैया को दिए नोटिस को राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गलत बताते हुए हाथ जोड़कर मंच से ही उनसे माफी मांगी। यह घटनाक्रम संकेत है कि फिलहाल तो प्रदेश भाजपा में सब कुछ सहज नहीं चल रहा। ऐसे घटनाक्रम से भाजपा के असंतुष्टों को ताकत भी मिली है। दरअसल, नोटिस देने का निर्णय अकेले प्रदेश भाजपा संगठन, खासतौर से प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने नहीं लिया था, बल्कि जिला संगठन की रिपोर्ट और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश संगठन महामंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की सहमति के बाद हुआ था।ऐसे में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि संगठन के फैसले को गलत ठहराना सवाल खड़ा करता है कि यह बदलाव के लिए घेराबंदी तो नहीं है? यह भी माना जा रहा है कि इस घटनाक्रम के पीछे कई अन्य कारण भी हैं। जैसे मलैया की सेवाएं आगे भी लिए संबंधी बयान का अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि पार्टी ने असंतुष्ट नेताओं के सामने घुटने टेक दिए हों।



दूसरा पक्ष यह भी है कि मलैया के अमृत महोत्सव में जितने दिग्गज नेता जुटे, उनमें से अधिकांश अपने बेटों को सियासत में स्थापित करना चाहते हैं, कहीं यह दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा तो नहीं? यहां आए कई दिग्गज 75 वर्ष की उम्र की दहलीज पर हैं या छह-सात बार चुनाव लड़ने के कारण उन्हें अपना टिकट काटे जाने का डर है। जिसके चलते सभी लोग मिलकर दबाव बना रहे हैं।

### मलैया के बेटे सहित पांच मंडल अध्यक्षों को किया था निष्काषित


वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों के आने के बाद दमोह विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक राहुल सिंह लोधी ने भी इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था। वर्ष 2021 में दमोह में उपचुनाव हुआ तो लोधी भाजपा प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए और 17089 वोटों से कांग्रेस से हार गए। इसके बाद भाजपा संगठन ने ताबड़ तोड़ कार्रवाई कर दमोह से लंबे समय तक विधायक रहे जयंत मलैया को कारण बताओ नोटिस जारी किया, साथ ही उनके बेटे सिद्धार्थ और उनके समर्थक पांच मंडल अध्यक्षों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया था।

### नगरपालिका चुनाव में भी भाजपा हारी

इसके बाद 2022 में नगरीय निकाय चुनाव में भी टीम सिद्धार्थ मलैया यानी टीएसएम ने अघोषित पार्टी के रूप में भाजपा से अलग चुनाव लड़ा और सभी 39 वार्ड में अपने प्रत्याशी उतारे। इसमें 14 भाजपा, 17 कांग्रेस और सिद्धार्थ मलैया के पांच समर्थक और तीन निर्दलीय पार्षद जीते थे, जब अध्यक्ष का चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया।

### जैन वोट बैंक के लिए साधे समीकरण

बुंदेलखंड में जैन वोट मतदाताओं की संख्या काफी है। मलैया को जैन समाज का सबसे बड़ा नेता माना जाता है। यही कारण है कि मलैया के 75 साल के हो जाने के बाद भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम मलैया की सेवाएं लेते रहेंगे।



# कोहरा, बादल, तेज बारिश और रात के तापमान में उछाल...

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं है। रात में तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। अचानक मौसम में बदलाव की वजह से लोग सकते में हैं। मंगलवार की सुबह से भोपाल में तेज बारिश हो रही है। साथ ही तेज हवा भी चल रही है। वहीं, कोहरा के साथ आसमान में बादल भी छाए हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक ऐसा ही मौसम रह सकता है। अभी मौसम में बदलाव के कोई संकेत नहीं है। कोहरा और बादल की वजह से ठंड कम रहेगी। वहीं, बादल छंटने और बारिश थमने के बाद एमपी में ठंड बढ़ जाएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इसके बाद न्यूनतम तापमान में तेजी के साथ गिरावट होगी। अभी लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही कहा है कि रात के तापमान में जबरदस्त तेजी आएगी। तापमान में बढ़ने की वजह से रात में ठंड कम हुई है।

**भोपाल में अचानक बदले मौसम के तेवर**

### सामान्य से छह डिग्री अधिक है तापमान

भोपाल में अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। दो दिन पहले तक एमपी में अधिकतम तापमान आठ से नौ डिग्री सेल्सियस के बीच था। अचानक से छह से सात डिग्री तक का उछाल आया है। इसके बाद रात में ठंड कम हो गई है।वहीं, छतरपुर जिले के नौगांव में सबसे कम तापमान रेकॉर्ड किया गया है। नौगांव में सोमवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है। इसके साथ ही छिंदवाड़ा, मंडला, जबलपुर, उमरिया और भोपाल में बूंदाबांदी हुई है। मंगलवार को भी इन जगहों पर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को भी भोपाल में बादल छाए रहेंगे। दिन में 27 और रात में 17 डिग्री तापमान रहने का पूर्वानुमान है।



## सीएम के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा दूर-दूर तक चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नही

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश नेता पुत्रों की सियासी एंट्री को लेकर कई तरह की अटकलें हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान को लेकर भी 2018 से ही कयास हैं। वह अपने पिता के क्षेत्र में काफी एक्टिव भी रहते हैं। सीहोर पहुंचे कार्तिकेय सिंह चौहान ने मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा है कि मेरी दूर-दूर तक चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं। कार्तिकेय सिंह चौहान सीएम शिवराज के बड़े लड़के हैं। वह अपनी मां के साथ भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखते हैं। कुछ समय पहले ही विदेश से पढ़ाई कर लौटे हैं। दरअसल, कार्तिकेय सिंह चौहान को क्रिकेट में भी काफी रुचि है। वह हर साल सीहोर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करवाते हैं। इस बार जिले के रेहटी में प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें बुधनी क्षेत्र की 14 क्रिकेट टीमें खेलेंगी। सीएम के बेटे अपने दादा के नाम पर इस टूर्नामेंट का आयोजन करवाते हैं। इसे लेकर क्षेत्र में बड़ा उत्साह रहता है। टूर्नामेंट के दौरान देश के कई पूर्व क्रिकेटर और बड़े नेता भी आते हैं।

### 2018 से लग रहे हैं कयास

दरअसल, लंबे अर्से से एमपी की राजनीति में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवराज सिंह चौहान की बेटे अपनी सियासी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही यह भी अटकलें हैं कि वह पिता के क्षेत्र से ही चुनावी पारी शुरू कर सकते हैं। उसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं। हालांकि वह लगातार चुनाव लड़ने की बात को खारिज करते रहते हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यह अटकलें थीं कि वह चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

## जीप के बोनट पर खड़ा गैंगस्टर, अगल-बगल रिवर्स दौड़ती कारें

### जुबैर मौलाना की जुर्रत पर गृहमंत्री सख्त

**भोपाल, ईएमएस।** दहशतगर्द और गैंगस्टर जुबैर मौलाना राजधानी भोपाल में बैखौफ घूम रहा है। वह अपने एक दर्जन से ज्यादा गुर्गों के साथ सड़क पर चलते चार पहिया वाहन पर स्टंट कर रहा है। एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट में वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि उसके वाहन के आगे एक कार सड़क पर लगातार रिवर्स चल रही है। गैंगस्टर जुबैर पहले भी इस तरह के स्टंट करके इंटरनेट में वायरल करते रहा है, लेकिन इस बार मध्य प्रदेश सरकार उस पर सख्ती बरतने के मूड में दिख रही है।गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस वीडियो को देखने के बाद कहा कि हम वीडियो का परीक्षण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना की जमानत देने वालों की जमानत जप्त होगी। उन पर गिरफ्तारी की धाराएं लगेगी। गृह मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि मध्य प्रदेश में कानून का राज है, ये अपराधियों को स्पष्ट समझना चाहिए।बदमाश जुबैर मौलाना अपने साथी बदमाश सन्नी मलिक के साथ शुक्रवार के गांधी नगर इलाके के एक ढाबे पर पहुंचा था। इस पार्टी में जुबैर के गुर्गे भी शामिल हुए थे। पार्टी के बाद लौटते समय यह वीडियो जुबैर ने अपने साथियों से बनवाया था।





## विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विधायक ने मप्र में सत्ता और संगठन में परिवर्तन की मांग की

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल, 12 दिसंबर (भाषा) मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायक नारायण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को पत्र लिख कर अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी लहर दूर करने के लिए गुजरात की तर्ज पर राज्य में सत्ता और संगठन में आमूलचूल परिवर्तन करने की मांग की ।गुजरात में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। त्रिपाठी ने 11 दिसंबर को नड्डा को लिखे पत्र में लिखा है, ''गुजरात में पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक विजय के लिए आपको शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विनम्र निवेदन है कि मध्यप्रदेश में हमारे जैसा छोटा कार्यकर्ता चाहता है कि राज्य में दोबारा गुजरात की तर्ज पर सरकार बने।

# चुनाव के पहले कानूनी दांव में उलझे 3 विधायकों की सदस्यता खतरे में

**भोपाल, ईएमएस। मध्यप्रदेश में अगले साल चुनाव होने हैं। सियासी बयानबाजी के साथ कानूनी पेंच में उलझे विधायकों की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने अशोकनगर से [illegible] विधायक जजपाल सिंह जज्जी का जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर उनके खिलाफ [illegible]दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। विधायक जज्जी पर 50 हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही सदस्यता निरस्त करने के लिए कहा गया है। जज्जी के अलावा दो विधायक और हैं, जिनकी सदस्यता पर संकट है। तीनों विधायकों में दो भाजपा, तो एक कांग्रेस का है।**

अजब सिंह कुशवाह- ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुरैना जिले की सुमावली विधानसभा के विधायक ऐदल सिंह कंसाना के बीजेपी में शामिल होने के बाद नवंबर 2020 में उपचुनाव हुआ था। इस उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार अजब सिंह कुशवाह बीजेपी के ऐदल सिंह कंसाना को हराकर विधायक बने थे। विधायक बनने के बाद अजब सिंह कुशवाह कानूनी मुश्किलों में घिर गए। विधायक अजब सिंह पर सरकारी जमीन बेचने के आरोप लगे इस मामले की ग्वालियर के महाराजपुरा थाने में शिकायत भी दर्ज हुई। शिकायत में ये दावा किया गया कि विधायक ने सरकारी जमीन को अपना बताते हुए लगभग 75 लाख में बेच दिया था। मामले में पुरुषोत्तम शाक्य नामक व्यक्ति ने ग्वालियर के महाराजपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी और कहा था कि विधायक अजब सिंह ने यह जमीन उन्हें बेची, मगर कब्जा नहीं मिला। इस पर पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था।

बताया गया है कि इस मामले पर सुनवाई करते हुए ग्वालियर के न्यायालय ने विधायक अजब सिंह सहित अन्य लोगों को दो-दो साल की सजा सुनाई है और 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस फैसले के बाद कांग्रेस विधायक की सदस्यता पर संकट मंडराने लगा है। नियमानुसार अगर किसी विधायक को दो साल या उससे अधिक की सजा हो जाती है तो उसकी विधानसभा से सदस्यता तो जाएगी ही साथ में वह छह साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य रहेगा।



### राहुल सिंह लोधी, खरगापुर - नॉमिनेशन फार्म में छिपाई जानकारी

उमा भारती के बड़े भाई हरबल सिंह लोधी के छोटे बेटे राहुल सिंह लोधी टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा से 2018 में पहली बार विधायक बने। विधानसभा चुनाव के बाद राहुल लोधी से चुनाव हारने वाली कांग्रेस प्रत्याशी चंदा रानी गौर ने राहुल लोधी द्वारा निर्वाचन पत्रों में जानकारी छिपाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। याचिका पर सुनवाई के बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने राहुल लोधी का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया। फिलहाल राहुल लोधी इस मामले की अपील करने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। हालांकि इसी मामले को लेकर चंदा रानी गौर ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है। यदि सुप्रीम कोर्ट से लोधी को स्टे नहीं मिला तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द हो सकती है।

### कुशवाह के वेतन-भत्ते पर रोक

विधानसभा ने सुमावली विधायक अजब सिंह कुशवाह को सजा सुनाए जाने के बाद उनके वेतन-भत्ते रोक दिए हैं।वहीं राहुल लोधी और जजपाल जज्जी को नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों विधायकों की तरफ से जवाब आने के बाद आगे कार्रवाई होगी। यदि इन विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से स्टे नहीं मिला तो सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई विधानसभा की ओर से की जाएगी। अशोकनगर विधायक जजपाल सिंह की सदस्यता भी निरस्त होगी ! ग्वालियर में हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायक जजपाल सिंह उर्फ जज्जी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया है। साथ ही अशोकनगर एसपी को फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में विधायक पर [illegible]दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं। हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

**विधायक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में कन्हवारा में हुआ एक और केन्द्र का उद्घाटन**

# 18 उप एवं 9 मुख्य लोकसेवा केन्द्रों से लोगों को मिल रही सुविधाएं






**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदन पर लिये गये निर्णय आदि की जानकारी हेत आमजन को समीप में ही सेवाएं उपलब्ध हो सके इस हेतु शासन मंशानुरूप जिले मे उप लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। कन्हवारा के निवासियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं का लाभ सरलता से प्राप्त हो सके इस हेतु शासन मंशानुरूप रविवार को कटनी मुड़वारा विधायक संदीप श्री प्रसाद जायसवाल एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति मे उप लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा की लोक सेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवाओं का लाभ कन्हवारा निवासी अब अपनें गांव मे ही सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि कटनी जिले में पूर्व से 09 लोक सेवा केन्द्र एवं 17 उपलोक सेवा केन्द्र संचालित हैं। आज से कटनी जिले के ग्राम कन्हवारा में नवीन उप लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया जा रहा है। जिले में अब 09 लोक सेवा केन्द्र एवं 18 उप लोक सेवा केन्द्र का संचालन किया जाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ होनें पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करी। मध्यप्रदेश लोक सेवाओ के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 नागरिक अधिकारों को सशक्त बनाने का अभिनव प्रयास है। यह कानून प्रदेश में लागू किये गये सुशासन के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। चिन्हित सेवाओं को प्राप्त करने के लिये आमजन को किसी की इच्छा पर निर्भर नहीं रहना होगा। सेवाए प्राप्त करना अब उनका अधिकार हो गया है। मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 नागरिकों को निर्धारित समयसीमा में सार्वजनिक सेवाओं के प्रदान की गारंटी देता है। उपलोक सेवा केन्द्र के शुभारंभ के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, ननि अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रामरतन पायल, मण्डल अध्यक्ष संदीप दुबे, जनपद पंचायत सदस्य शील कुमारी विश्वकर्मा, सरपंच रतनलाल भूमियॉ, बागीश आनंद, महेश शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।



# अवैध शराब के ठिकानों पर आबकारी की दबिश जारी



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कटनी जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत आबकारी वृत्त विजयराघवगढ़ में शांतिनगर, चपना, बरहटा, दडोरी में आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिह बघेल, के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आबकारी की टीम बी द्वारा 11 दिसंबर 2022 को की गई कार्यवाही में कुल जप्ती 1455 किलोग्राम महुआ लाहन, एवं 8 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 74,000/- रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक कैलाश नाथ नामदेव, राजेश गोटिया, देवेंद्र पयासी, श्रीमती वीणा ब्रम्हवंशी, शिवमूरत नामदेव, सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# व्यवसाय को ऊंचाईयां देने गारमेन्ट क्लस्टर के लिए सुविधाएं जरूरी



**लघु उद्योग भारती एवं वस्त्र निर्माता संघ के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर ने की क्लस्टर नीति पर चर्चा**

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद से शनिवार को कलेक्ट्रेट मे शहर के कपड़ा व्यवसाईयों और वस्त्र निर्माताओं ने भेंट कर इस व्यवसाय को नई ऊंचाईयॉ देने गारमेन्ट क्लस्टर के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने चर्चा की बैठक के दौरान गारमेन्ट क्लस्टर नीति के अनुसार निर्मित होने वाली मल्टी स्टोरी एवं पांच एकड़ मे कम से कम 5 यूनिट तैयार किये जाने, कंपनी व एस.ओ.पी की स्थापना, राजस्व विभाग एवं उद्योग विभाग के माध्यम से स्थल का चयन किया जाकर आयोग को पत्र भेजे जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कंपनी की स्थापना के पश्चात एम.एस.एम.ई विभाग को जिला उद्योग विभाग द्वारा प्रपोजल भेजे जाने सहित भूमि को विकसित करनें तथा केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी के संबंधी नितियों पर चर्चा की गई। लधु उद्योग संघ के प्रदेश महामंत्री श्री अरूण सोनी ने बताया कि शहर के आसपास भूमि की पर्याप्त उपलब्धता है। उपयोगिता का चयन कर भूमि को चिन्हित कराना होगा। गारमेन्ट क्लस्टर की सुविधा हेतु बाईपास के नजदीक ही भूमि का आवंटन करने की मांग की गई। उपस्थित कपड़ा व्यापारियों द्वारा बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि वर्तमान में कपडा मगांकर उसकी सिलाई हेतु बाहर भेजना पडता है जिसके कारण कार्य में उचित गुणवत्ता नहीं मिल पाती है। शासन के माध्यम से सहयोग प्राप्त होने पर व्यवसाय को गति मिल सकेगी। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा उपस्थित व्यवसायियों से गारमेन्ट क्लस्टर की स्थापना हेतु पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी ली जाकर शहर के 5 किलोमीटर के अंदर भूमि का चयन कर रोजगार के नये साधन उपलब्ध कराने की बात कही। वस्त्र निर्माता व्यापार से जुडे प्रमुख 10 स्थानीय व्यापारियों की जानकारी एवं उनका कुल टर्नओवर की जानकारी संबंधी डिटेल नोट प्रदाय करने की बात कही गई। बैठक के दौरान लघु उद्योग भारती के सचिव अमित सिंघई, मनीष कुमार सिंह कटनी वस्त्र निर्माता संघ अध्यक्ष अनिल पंजाबी, उपाध्यक्ष संजय कोड़वानी, घनेष पंजवानी, गोपीचंद मनवानी, गुलाब ख्यानी, ठाकुरदास रंगलानी सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।



# बकाया राशि का 10 प्रतिशत जमा होने पर बदला जाएगा ट्रांसफार्मर

**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी में ग्राम पंचायत मोहतरा तहसील बहोरीबंद के गरीब किसान हो रहे परेशान 03 माह से ट्रांसफार्मर पडे बंद की जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यालय अभियंता (सं.सं.) संभाग मप्रपूक्षेविविकंलिमि कटनी जिला कटनी को निर्देशित किया गया जिसके संबंध में- ग्राम मोहतरा में 1 नग 100 केव्हीए के ट्रांसफार्मर को बदलने के संबंध में जानकारी चाही गई थी जिसमें जांच उपरांत पाया गया कि पूर्व में 1 नंबर 100 केव्हीए का ट्रांसफार्मर फेल हो गया था जिससे संबंधित 21 नंबर उपभोक्ताओं में से 14 नंबर उपभोक्ताओं पर बकाया राशी 58701 भुगतान हेतु लंबित है। अतः बकाया राशी का 10 प्रतिशत या 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं के द्वारा राशी जमा होने पर पात्रता की श्रेणी में आते ही 3 दिवस के भीतर उक्त ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा।



# दानदाताओं ने आनंदम स्थल सौगात घर में पहुंचाए गर्म कपड़े

**कटनी,यशभारत।** आनंदम स्थल, सौगात घर में दानदाताओं ने पहुंचकर जरूरतमंदों के लिए आवश्यक सामग्री जिसमें गर्म कपड़े, स्वेटर, मोजे, टोपी, जूते, वस्त्र, पुस्तक इत्यादि आनंदम स्थल, सौगात घर पहुंचाए। आनंदम संस्थान आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले नें बताया कि विगत शनिवार बड़वारा, रुपौंद निवसी के. प्रभाकर राव, जिला पंचायत कटनी के धनराज सिंह चौधरी एवं राठौर जी, जय प्रकाश वार्ड कटनी निवासी राजकुमार निषाद, कटनी राहुल बाग निवासी अंजू अग्रवाल तथा कटनी सिविल लाइन निवासी संगम लाल जायसवाल द्वारा आनंदम स्थल में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्तुए दान स्वरूप दी गई।

# कन्हवारा से अब एक और बायपास, भूमिपूजन हुआ

**कटनी,यशभारत।** विधानसभा क्षेत्र कटनी के ग्राम कन्हवारा में डिढवारा चौराहा से 336.38 लाख की लागत से 2.03 किलोमीटर लंबाई की निर्मित होने वाली बायपास सड़क निर्माण का भूमिपूजन मुडवारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल एवं कलेक्टर अवि प्रसाद व भाजपा जिलाध्यक्ष टीपक टंडन सोनी की उपस्थिति में ग्रामवासियों के साथ मिलकर विधि विधान से संपन्न हुआ। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रामरतन पायल, मण्डल अध्यक्ष संदीप दुबे, जनपद पंचायत सदस्य शील कुमारी विश्वकर्मा, सरपंच रतनलाल भूमियॉ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को विधायक श्री संदीप जायसवाल के प्रयासों से बरसों पुरानी मांग पूरी होने पर बधाई प्रेषित की जाकर बायपास बनने से विकास के रास्ते खुलने की बात कही। विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि बायपास सडक निर्माण हो जाने से ग्रामवासियों को बेहतर यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। भारी वाहनों के निकलनें के कारण ग्राम वासियों में लंबे समय से भय का वातावरण व्याप्त था उससे भी मुक्ति मिलेगी तथा स्थानीय व्यापार को बढावा मिलेगा। विघायक नें बताया कि निर्मित होने वाले बायपास सडक निर्माण कार्य की लंबाई 2.03 किलोमीटर है। जिसमें 1.95 किलोमीटर मे वी.टी. तथा 0.08 किलोमीटर में सी.सी. कार्य कराया जाएगा। उक्त मार्ग में 8 पुलिया है, जिनकी चौडाई 7.00 मीटर में डामरीकरण व सी.सी. का कार्य कराया जावेगा। उपरोक्त कार्य की समयसीमा 12 माह निर्धारित है।



**शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा**

# छात्र को कच्ची मिट्टी से मजबूत घड़ा का रूप देते हैं शिक्षक




**कटनी, यशभारत।** राज्य शिक्षक संघ जिला शाखा कटनी द्वारा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले 165 शिक्षकों को जैसे ही मंचसे सम्मानित किया गया वैसे ही उनके चेहरे खिल उठे अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र और पुष्पा हार पहनाकर उनका सम्मान कियाछात्र राष्ट्र के निर्माता है परंतु छात्रों का मार्गदर्शन करने वाला शिक्षक ही है वास्तव में शिक्षक राष्ट्र का आधार है जब एक विद्यार्थी शाला आता है तो शिक्षक उसकी शारीरिक व मानसिक योग्यता योग्यता का आकलन करके उसका मार्गदर्शन करता है और उसे कच्ची मिट्टी से मजबूत घड़ा का रूप देता है वहीं छात्र भविष्य में संपूर्ण देश को एक दिशा और गति देता है इसलिए शिक्षक का सम्मान संपूर्ण राष्ट्र का सम्मान है उक्त उद्गार राज्य शिक्षक संघ के शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा म प्र दर्शन चौधरी ने अपने उदगार में व्यक्त किया गया विदित हो कि राज्य शिक्षक संघ द्वारा कटनी के द्वारका भवन में आज जिले के 165 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया था यह शिक्षक ऐसे शिक्षक थे जिन्होंने गत वर्ष के परीक्षा परिणाम को शत प्रतिशत लाने में/शिक्षा नवाचार हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विद्यमान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा देश में 2020 से नई शिक्षा नीति लागू हुई है इस नीति को जन जन तक पहुंचाने का और इसे छात्रों के लिए हितकर बनाने का जिम्मा अब आप शिक्षकों का है। कार्यक्रम में कटनी जिले के सभी विकास खंडों से शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक विपिन तिवारी ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया की जिस प्रकार के अपेक्षा समाज और सरकार को शिक्षकों से है कटनी जिले के शिक्षक उन अपेक्षाओं पर पहुंचे खरे उतरेंगे और राष्ट्र के निर्माण में एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने वाली होगी मानवता की रक्षा करने वाली होगी और भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली होगी सम्मान समारोह में राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी जबलपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी अभय जैन एपीसी, राजेन्द्र असाठी,अवधप्यासी डॉ कृष्णा पांडे जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सतना मृदुल मिश्रा अध्यक्ष युवा मोर्चा, मनीष दुबे , सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम विनीत मिश्रा जे पी हल्दकार,मनोज गर्ग सूर्यकांत त्रिपाठी शिवदास यादव राकेश सिन्नरकर, संतबक्स तिवारी, रश्मि खरे, वंदना त्रिपाठी, अर्चना झारिया, वैजंती यादव वर्षा गुप्ता ,विनोद पाटकर,पीतांबर शुक्ला रवि प्रकाश दुबे, कार्यक्रम का संचालन मनोज गर्ग द्वारा किया गया ।

# मैन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा मिड डे मील



**कटनी, यशभारत।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कटनी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरखरी और खड़ौला पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खरखरी पंचायत के दलीपुर गांव में संचालित प्राथमिक स्कूल का भवन जर्जर हालत में होने की जानकारी मिली। भवन जर्जर होने के कारण स्कूल की कक्षाएं बाहर लगाई गई थी। स्कूल में बच्चों को मिड डे मील भी निर्धारित मैन्यू के अनुसार नहीं दिए जाने की जानकारी भी दी गई। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने नाराजगी जताई। साथ ही स्कूल के जर्जर भवन को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत खड़ौला के चनेहटा गांव में संचालित सरकारी माध्यमिक स्कूल के निरीक्षण में पता चला कि स्कूल के प्राचार्य जुलाई महीने से अवकाश पर हैं। स्कूल में जो प्रभारी प्राचार्य हैं, उन्हें स्कूल के संबंध में पर्याप्त जानकारी भी नहीं है। छात्रों को मध्यान्ह भोजन व राशन भी नहीं मिलने की जानकारी मिली। इसके अलावा कक्षाओं में भी अव्यवस्था थी। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डीपीसी, बीआरसी और संकुल प्राचार्य को स्कूल की समस्याओं का निराकरण करने और अव्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य रघुराज सिंह और मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव भी मौजूद रहे।




# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मल्टीपल इंट्री एवं एक्जिट की सुविधा

**कटनी,यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के द्वितीय दिवस सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं छात्रा रेनू कुशवाहा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में सरिता सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ नीलम चतुर्वेदी, कैलाश कचेर द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया। समीक्षक डॉ स्वामीनाथ पांडेय ने कहा कि आज अंधी दौड़ में लोग अपने बच्चों को यंत्र बना रहे है। गुरुजनो के चरणों में बैठकर शोध को जानने की कोशिश करना चाहिए। डॉ. राकेश साकोरीकर शासकीय शिक्षण महाविद्यालय उज्जैन ने कहा कि मानसिक, शारीरिक मनोबल तथा चारित्रिक विकास करना तथा पाश्चात्य भाषाओं व शैली को अपनाये हुए शिक्षा नीति में विषयों का अध्ययन स्वतंत्र रूप से करने की सुविधा दी गई है। विषय विशेषज्ञ डॉ. दिलीप सिंह हजारी महाराष्ट्र इंस्टिट्यूट ऑफहायर एजुकेशन जबलपुर ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मल्टीपल इंट्री एवं एक्जिट की सुविधा है जो सशक्त और सकारात्मक पक्ष है। प्राथमिक शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में होनी चाहिए, अध्यक्ष डॉ केदारनाथ परौहा संकाय अध्यक्ष लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली ने बताया कि नई शिक्षा नीति मे सभी विषयों का समावेश है जिन्हें विद्यार्थी रुचि के अनुसार चुन सकते हैं जिससे चहुंमुखी विकास संभव है, डॉ. सुधीर खरे प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी ने बताया कि शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, समृद्धि, स्वच्छता की पांच बाते नई शिक्षा नीति मे विद्यमान है। डॉ. आर. के. वर्मा, प्राचार्य एवं संरक्षक, शासकीय महाविद्यालय बरही ने बताया कि पूर्व की शिक्षा नीति में भी वही समायोजन था जो नई शिक्षा नीति में है । नारी पूजने की बात भी हमारे वेदों व पुराणों में बताई गई है। अंत में संयोजक डॉ. आर. जी. सिंह द्वारा द्वि दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त स्टाफएवं अन्य लोगों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. एस. एस. धुर्वे एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान गायन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया, कार्यक्रम में विभिन्न जगहों के शिक्षाविद, प्राध्यापक, शोधार्थी, नगर के गणमान्य नागरिक, मीडिया बंधु, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राकेश द्विवेदी, एलूमिनाई अध्यक्ष कैलाश कचेर सहित समस्त एलूमिनाई टीम, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, सुश्री, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी वर्मन, मनीष मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी, रूपा शर्मा, अनीता सिंह, पवन दुबे, अनुराग सोनी, मनोज चौधरी, ऋषभ परौहा, मिनी तुमराली, संतोषी तिवारी, दीपेंद्र चतुर्वेदी, कैश अंसारी, राजेंद्र साकेत, रावेंद्र साकेत, नीलम मिश्रा, एच एस बाजपेई, चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू तथा स्टॉफके अन्य सदस्य, रा. से. यो. के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## नगर की तीरंदाज सनसनी

# मुस्कान ने चीनी ताइपे में जीता गोल्ड

***जबलपुर, यशभारत। स्थानीय रानीताल खेल परिसर में खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संचालित मप्र तीरंदाजी अकादमी की तीरंदाज सनसनी विक्रम अवार्डी जबलपुर की मुस्कान किरार ने एक बार फिर स्वर्णिम कामयाबी दर्ज कर देश प्रदेश व जबलपुर का नाम रोशन किया।***

मुस्कान किरार ने चीनी ताइपे आर्चर के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच में दोनों ने समान स्कोर करके शूट आफ में मुस्कान सटीक निशाना मारकर चीनी ताइपे के ताओयुओन सिटी में आयोजित इंडोर वर्ल्ड सीरीज़, ताइपे तीरंदाजी ओपन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। रैंकिंग राउंड में उसने 585/600 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर तीरंदाज के रूप में देदीप्यमान होने वाली संस्कारधानी की बेटी मुस्कान किरार ने 2016 में राष्ट्रीय टीम के कोच रिछपाल सिंह सलारिया के मार्गदर्शन में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही अनेक कीर्तिमानों को हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश सरकार ने 2018 में एकलव्य और 2019 में विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया। पिता वीरेंद्र किरार और माता श्रीमती माला किरार के यहां अप्रैल 2000 में जन्मी मुस्कान ने बीए तक शिक्षा प्राप्त की है।दो साल के प्रशिक्षण के बाद उन्होंने 18 वर्ष की उम्र से ही अपनी सफलता के परचम गाड़ने शुरू कर दिये और उनकी तीरंदाजी प्रतिभा में लगातार वृद्धि होती गई। उन्होंने 11वीं सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में निशानेबाजी में 150 में से 150 निशान सटीक लगाए इसके पहले 2019 में सेक्शन ट्रायल में स्कोर 356 /360 रहा एशियन गेम्स के पहले ओपन ट्रायल में उनका स्कोर 1440 में से 1416 रहा तीरंदाजी का प्रशिक्षण शुरू करने के साथ ही 2 साल के अंदर उनके हिस्से में उपलब्धियों के अंबार लगते गए। जुलाई 2017 में एशिया कप स्टेज 2 में भाग लेने के बाद उन्होंने ढाका बांग्लादेश में बीसवीं एशियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया बैंकॉक थाईलैंड में 2018 में आयोजित एशिया कप पहले स्तर की स्पर्धा में उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और इवेंट चैंपियन बनी तथा टीम को कांस्य पदक दिलाया। वहीं मनीला फिलीपींस में अप्रैल 2018 में टीम को रजत पदक दिलाया चीन के शंघाई में आयोजित वर्ल्ड कप पहले स्टेज में टीम को चतुर्थ स्थान मिला वर्ल्ड कप स्टेज 2 में टर्की के आनाताल्या में मई 2018 में टीम को सिल्वर मेडल दिलाया इसके बाद बर्लिन जर्मनी में चतुर्थ विश्वकप स्टेज में टीम को पुनः सिल्वर दिलाया। जकार्ता इंडोनेशिया में 18 अगस्त से 2 सितंबर 2018 तक चलने वाले 18 वें एशियन गेम्स में इनके हिस्से में सिल्वर मेडल आया।इसी वर्ष 26 से 30 अप्रैल 2022 में एक बेंगलुरु में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में मिक्स टीम को सिल्वर और ब्रांज दिलाया इसके पूर्व अक्टूबर2018 में जमशेदपुर में 40 वें राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में टीम को स्वर्ण के साथ व्यक्तिगत रूप से सिल्वर पदक हासिल किए।उनकी उपलब्धियों में उड़ीसा में 2017 में 37वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण हासिल किया। भोपाल में फरवरी 2019 में एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में टीम को स्वर्ण दिलाने के साथ व्यक्तिगत भी उन्होंने स्वर्ण हासिल किया उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अब तक छह स्वर्ण तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

# सोनी सब के 'अलीबाबा: दास्तान ए काबुल' में क्या होगा जब अलीबाबा का भाई कासिम पहुँचेगा सिमसिम की गुफा?

**मुंबई, यशभारत। सोनी सब का शो 'अलीबाबा दास्तान–ए–काबुल' अली (शेहजान खान) की जिन्दगी के एडवेंचर्स, कहानी में नये ट्विस्ट्स और आकर्षक दृश्यों से दर्शकों का लगातार मनोरंजन कर रहा है। मौजूदा कहानी में अली वाम की मौत का बदला मल्लिका–ए–तबाही, सिमसिम (सायंतनी घोष) से लेना चाहता है, लेकिन उसे पता नहीं है कि इस काम में उसके अपने भाई कासिम (विनीत रैना) की जिन्दगी खतरे में पड़ जाएगी।**

अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' के पिछले एपिसोड्स में हमने अली को मल्लिका-ए-तबाही, सिमसिम द्वारा भेजे गये खतरनाक सांप फकरी को हराते और वाम को तबाही से बचाने में कामयाब होते देखा था। अली अब वाम की जिन्दगी छीनने का बदला सिमसिम से लेना चाहता है। फकरी की मौत की खबर सुनकर सिमसिम भी गुस्से में है और बदला लेने की योजना बना रही है। इन घटनाओं के बाद से दोनों ही एक-दूसरे पर गुस्सा हैं, लेकिन वे नहीं जानते हैं कि आगे क्या होगा। दूसरी ओर, अली का भाई पता लगाने की कोशिश करेगा कि अली क्या योजना बना रहा है और उत्सुक होकर उसका पीछा करेगा। इसके बाद से अली और सिमसिम की जिन्दगी में घटनाएं एक मोड़ लेंगी। आने वाले एपिसोड्स में कई ट्विस्ट्स और टर्न्स आएंगे, जो दर्शकों को एक बार फिर एडवेंचर और जादू से भरे सफर पर लेकर जाएंगे!




क्या कासिम को पता चलेगा कि अली क्या करने जा रहा है, या सिमसिम उसकी जिन्दगी छीन लेगी? अलीबाबा का किरदार निभा रहे शेहजान खान ने इस रोमांचक स?टोरीलाइन पर अपनी बात रखते हुए कहा, अलीबाबा अपने लोगों और प्रियजनों से बहुत प्यार करता है। मेरी शख्सियत अली से काफी मिलती-जुलती है। बाबा अपने लोगों को तकलीफ में नहीं देख सकता, इसलिये तबाही के बाद वह सिमसिम से बदला लेने का फैसला करता है। इन एपिसोड्स की शूटिंग करना रोलर कोस्टर राइड जैसा था, क्योंकि उसमें एडवेंचर, ड्रामा और इमोशंस साथ-साथ चल रहे थे। आने वाले एपिसोड्स आपको एडवेंचर से भरे सफर पर लेकर जाएंगे और दर्शक कई ट्विस्ट्स देखेंगे। घटनाओं का मोड़ अली पर क्या असर डालता है, यह देखने लायक होगा। उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी का मजा लेंगे और 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' को अपना प्यार देते रहेंगे।

# जब माधुरी दीक्षित के साथ आमिर ने कर दी थी गंदी हरकत! हॉकी से मारने दौड़ पड़ी थीं एक्ट्रेस



**मुंबई,ईएमएस।** फिल्मी सितारे शूटिंग के दौरान हंसी-मजाक के पल भी गुजारते हैं। महीनों चलने वाली फिल्मों की तैयारी में कुछ स्टार्स के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग हो जाती है। ऐसे में शूटिंग के बीच में वे खूब मस्ती भी करते हैं। मगर, कई बार हंसी-मजाक में कुछ स्टार्स सीमाएं पार कर बैठते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा ही कुछ एक बार आमिर खान ने किया था। उन्होंने मजाक-मजाक में माधुरी दीक्षित के साथ कुछ ऐसी हरकत कर दी कि वह उनके पीछे हॉकी लेकर दौड़ पड़ीं। यह बात है 1990 में आई फिल्म चदिलज्की शूटिंग के दौरान की। इस फिल्म में आमिर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी खूब पसंद की गई। एक रोज इस फिल्म की शूटिंग के दौरान आमिर खान ने एक्ट्रेस के साथ एक प्रैंक किया। दरअसल, आमिर खान अपने काम को परफेक्शन के साथ करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा उन्हें प्रैंकमास्टर भी कहा जाता है। वह अपने को-स्टार्स के साथ काफी मजाक करते हैं। ऐसा ही मजाक उन्होंने माधुरी दीक्षित के साथ कर दिया। लेकिन, इसके बाद माधुरी दीक्षित का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर ने माधुरी से कहा कि मैं हाथ देखकर लोगों के बारे में बता सकता हूं। इसके बाद उन्होंने माधुरी दीक्षित का हाथ देखना शुरू किया। फिर आमिर हाथ देखते हुए उनसे कहने लगे, च्तुम काफी इमोशनल हो, तुम लोगों पर आसानी से भरोसा कर लेती हो और इस कारण वो तुम्हें बेवाकूफ बना देते हैं, जैसे मैं बना रहा हूं और ये कहते ही आमिर ने उनके हाथ पर थूक दिया। बता दें कि इस किस्से के बार में आमिर खान ने खुद फरहान अख्तर के शो च्ओए ! इट्स फ्राइडेज्में बताया था। आमिर ने कहा था कि च्मेरा मजाक माधुरी दीक्षित को पसंद नहीं आया था, और वो गुस्से में हॉकी लेकर मेरे पीछे मुझे मारने दौड़ पड़ी थीं।ज बता दें, इस किस्से का जिक्र एक बार सोशल मीडिया पर माधुरी दीक्षित भी कर चुकी हैं।





# रजनीकांत के जन्मदिन पर साउथ के दिग्गज सितारों ने थलाइवा को किया विश, कहा- वह हमारे लिए...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने सोमवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। अभिनेता रजनीकांत चार दशक से ज्यादा सिनेमा जगत पर राज कर रहे हैं। सुपरस्टार जहां अपने फैंस से प्यार करते हैं, वहीं फिल्म इंडस्ट्री की हस्तियां भी उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। इस खास मौके पर रजनीकांत के फैंस उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। यही नहीं, कमल हासन से लेकर धनुष तक फिल्मी जगत के कई बड़े सितारे अभिनेता रजनीकांत को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।


साउथ इंडस्ट्री के कई दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत को उनके जन्मदिन की बधाई देते नजर आए । सुपरस्टार कमल हासन ने तमिल में अपने दोस्त रजनीकांत को बर्थडे विश किया, जिसमें उन्होंने लिखा, च्मेरे प्यारे दोस्त सुपरस्टार रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस शुभ दिन पर अपनी सफल जिन्दगी की जर्नी को बरकरार रखने के लिए शुभकामनाएं।

इसी तरह, अभिनेता सरथकुमार ने भी तमिल में बर्थडे विश करते हुए कहा, च्मेरे प्यारे दोस्त रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और सफलता से नवाजे।ज इसके अलावा अभिनेता धनुष ने भी अपने फेवरेट सुपरस्टार और ससुर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। धनुष ने लिखा, च्जन्मदिन मुबारक हो थलाइवा।ज्यही नहीं, डांस मास्टर से अभिनेता और निर्देशक बने राघव लॉरेंस ने लिखा, च्हैपी बर्थडे थलाइवा, मैं आपकी अच्छी सेहत के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं। आपकी उम्र लंबी हो, इस खास दिन पर हम आपके आशीर्वाद से चजिगिरठंडाज की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। गुरुवे शरणम।ज

निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार, जो अपनी आगामी फिल्म जेलर में सुपरस्टार रजनीकांत का निर्देशन कर रहे हैं, उन्होंने लिखा, च्सबसे विनम्र और करिशमाई सुपरस्टार रजनीकांत सर को जन्मदिन की बधाई।ज वहीं, अभिनेता जीवा ने रजनीकांत के साथ अपने बचपन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, च्आपको जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं सुपरस्टार।ज दुलकर सलमान ने भी रजनीकांत को विश करते हुए कहा, च्रजनीकांत को जन्मदिन को बहुत बहुत बधाई, आप सबसे बेस्ट है और हमारे लिए प्रेरणादायक हैं।

# कुछ इस तरह एक-दूजे के प्यार में डूबे थे अरबाज-मलाइका, तलाक के बाद भी कायम है दोस्ती का रिश्ता

**मुंबई, ईएमएस।** जिंदगी में अगर प्यार है तो तकरार भी है, लेकिन कभी-कभी यही तकरार इतनी गहरी रार में बदल जाती हैं कि रिश्ता टूटने की वजह बन जाती है। प्यार, इजहार, शादी और फिर तलाक... कुछ रिश्ते टूटने के बाद भी पूरी तरह नहीं टूटते हैं। रिश्तों की कदर बाकी रह जाती है। कुछ ऐसी ही है मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की प्रेम कहानी। बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक अरबाज खान और बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा भले ही आज साथ न हो, लेकिन उनकी प्रेम कहानी की चर्चा आज भी होती है। इसकी वजह यह है कि दोनों आज भी एक-दूसरे की इज्जत करते हैं और दोस्तों की तरह साथ खड़े रहते हैं। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा की पहली मुलाकात बहुत ही प्रोफेशनल थी। दोनों एक कॉफी ब्रांड के विज्ञापन की शूटिंग के दौरान



मिले थे। यह विज्ञापन काफी बोल्ड था और विवादों में भी रहा था। इस मुलाकात के दौरान मलाइका पहली बार अरबाज को देखते ही दिल हार बैठी थीं। मलाइका को अरबाज से पहली नजर वाला प्यार हो गया था। विज्ञापन के शूट के बाद दोनों ने एक दूसरे से मिलना शुरू किया और और दोनों के बीच की नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने एक साथ कई प्रोजेक्ट में काम किया, जिससे वह दोनों ज्यादा समय एक दूसरे के साथ बिताने लगे। कहा जाता है कि मलाइका और अरबाज ने एक दूसरे को पांच साल तक डेट किया था।

### मलाइका ने किया अरबाज को प्रपोज

मलाइका और अरबाज साल 1998 में शादी के बंधन में बंधे थे। उस समय मलाइका बॉलीवुड में अपने पैर पसार रही थीं, लेकिन उन्होंने अपने करियर को किनारे रखते हुए परिवार को चुना। हाल ही में मलाइका ने अपने लेटेस्ट शो च्मूविंग इन विद मलाइकाज में खुलासा किया था कि उन्होंने आगे बढ़कर अरबाज को शादी के लिए प्रपोज किया था और अरबाज ने झट से हां कर दी थी।

### 19 साल बाद अलग हुई राहें

दोनों बॉलीवुड की बेस्ट जोड़ियों में से एक थे, लेकिन शादी के 19 साल बाद 2017 में मलाइका ने अरबाज से तलाक ले लिया। अरबाज और मलाइका का परिवार इसके लिए राजी नहीं था, लेकिन मलाइका अलग होने का फैसला ले चुकी थीं। दोनों का एक बेटा भी है, जो मलाइका के साथ रहता है। दोनों ने भले ही अपनी राहें अलग कर ली हों, लेकिन बेटे के लिए दोनों हमेशा साथ खड़े रहते हैं। अब मलाइका और अरबाज दोनों ही अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। मलाइका अब अभिनेता अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।

# संजू सैमसन को मिला आयरलैंड से खेलने का ऑफर, लेकिन वह भारत छोड़ने को तैयार नहीं

नई दिल्ली , एजेंसी। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भारतीय टीम में मौका न मिलने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के अलावा संजू सैमसन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वनडे क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सैमसन को लगातार भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला है, लेकिन उन्हें जो छुटपुट मौके मिले हैं, उनमें ही सैमसन ने अच्छा प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड उनके पक्ष में हैं। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में भी संजू भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे।



आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले संजू सैमसन के फैंस बड़ी संख्या में हैं और लगातार उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। फीफा विश्व कप के दौरान भी संजू के फैंस कतर में उनके नाम का पोस्टर लेकर पहुंच गए थे। हालांकि, इन सब के बावजूद संजू को लगातार टीम इंडिया में मौका नहीं मिला रहा है। इस बीच खबरें आई हैं कि संजू सैमसन को आयरलैंड के लिए खेलने का ऑफर मिला है, लेकिन उन्होंने यह ऑफर ठुकरा दिया है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने संजू सैमसन से कहा है कि वह आयरलैंड के लिए खेलेंगे तो उन्हें देश के लिए हर मैच खेलने का मौका मिलेगा। हालांकि, सैमसन ने अपने देश को करियर से ऊपर रखते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी दूसरे देश के लिए नहीं खेलना चाहते हैं। वह सिर्फ भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं। संजू ने इस जवाब से एक बार फिर सभी भारतीय फैंस का दिल जीत लिया है। इससे पहले विश्व कप टीम में नहीं चुने जाने पर भी संजू ने कहा था कि पंत उनके दोस्त हैं और वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं। दरअसल टी20 विश्व कप टीम में पंत को मौका मिला था। वहीं, टीम का हिस्सा नहीं थे। इसके बाद पंत को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। तब सैमसन ने उनका समर्थन किया था। संजू सैमसन ने भारत के लिए 16 टी20 मैच में 21.14 के औसत और 135.15 के स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाए हैं। वहीं, 11 वनडे मैच में उन्होंने 66 के औसत से 330 रन बनाए हैं। लगातार मौका मिलने पर संजू और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और भारत के लिए कई मैच जिताऊ पारियां खेल सकते हैं।

अगर संजू सैमसन आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड का ऑफर स्वीकार करते हैं तो उन्हें बीसीसीआई के साथ अपना अनुबंध खत्म करना होगा। इस स्थिति में वह आईपीएल से बाहर हो सकते हैं। साथ ही उन्हें बीसीसीआई की तरफ से मिलने वाले पैसे का भी नुकसान होगा। आयरलैंड से क्रिकेट खेलने के लिए उन्हें पैसा मिलेगा, लेकिन दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई के बराबर सैलरी देना आयरलैंड के बस की बात नहीं है। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड को ऐसे खिलाड़ी की तलाश है, जो टीम की कप्तानी कर सके। संजू सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की टीम के कप्तान हैं। बतौर कप्तान उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। इस साल उनकी टीम फाइनल में भी पहुंची थी। इसी वजह से आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड उन पर भरोसा जता रहा है। हालांकि, इस बारे में आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड या संजू सैमसन की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सैमसन के पास आयरलैंड के लिए खेलने का ऑफर है।

# फीफा विश्व कप से बाहर होने पर रोनाल्डो बोले- हमेशा लड़ता रहूंगा

## कोहली ने लिखा- आप हर खिलाड़ी की प्रेरणा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2022 से रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल बाहर हो चुकी है। इसी के साथ रोनाल्डो के विश्व चैंपियन बनने का सपना एक बार फिर टूट गया है। पुर्तगाल के लिए पांच विश्व कप जीतने वाले रोनाल्डो अब तक देश को फीफा विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जिता पाए और अब उनका सपना अधूरा रहना लगभग तय है। 37 साल के रोनाल्डो के लिए अब अगला विश्व कप खेलना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे में वह विश्व चैंपियन बनने का सपना कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के बाद रोनाल्डो ने कहा है कि वह हमेशा देश के लिए लड़ते रहे हैं और उनका रवैया आगे भी ऐसा ही रहेगा। वहीं, विराट कोहली ने लिखा कि रोनाल्डो सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं और कोई ट्रॉफी खेल में उनके योगदान को कम नहीं कर सकती। फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मोरक्को के खिलाफ पुर्तगाल को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही यह टीम विश्व कप से बाहर हो गई। इस मैच में रोनाल्डो को पुर्तगाल की शुरुआती टीम में शामिल नहीं किया गया था। वह



लगातार दूसरे मैच में बेंच पर बैठे रहे। बाद में उन्हें मैदान पर भेजा गया, लेकिन वह भी कोई गोल नहीं कर सके। इस मैच में एकमात्र गोल 42वें मिनट में मोरक्को के युसुफ एन-नेसरी ने किया, जो निर्णायक साबित हुआ और मोरक्को ने यह मैच 1-0 से अपने नाम किया। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के बाद रोनाल्डो रोते हुए बाहर गए। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया दी। रोनाल्डो ने लिखा- पुर्तगाल के लिए विश्व कप जीतना मेरे करियर का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सपना था। सौभाग्य से मैंने पुर्तगाल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिताब जीते, लेकिन अपने देश का नाम दुनिया में सबसे ऊंचे पायदान पर लाना मेरा सबसे बड़ा सपना था। मैं इसके लिए लड़ा। इस सपने के लिए कड़ा संघर्ष किया। 16 वर्षों में विश्व कप के पांच संस्करणों में मैंने हमेशा महान खिलाड़ियों के साथ और उनके समर्थन और लाखों पुर्तगालियों द्वारा समर्थन में खेला। मैंने टीम के लिए अपना सब कुछ मैदान पर न्योछावर कर दिया। मैंने हमेशा लड़ाई की और उससे मुंह नहीं मोड़ा। अपने सपने को कभी नहीं छोड़ा। अफसोस कल सपना टूट गया।रोनाल्डो ने लिखा- उन विवादों पर प्रतिक्रिया देने लायक नहीं है। मैं बस इतना चाहता हूं कि आप सभी यह जान लें कि बहुत कुछ कहा जा चुका है, बहुत कुछ लिखा जा चुका है, बहुत कुछ अनुमान लगाया जा चुका है, लेकिन पुर्तगाल के प्रति मेरा समर्पण एक पल के लिए भी नहीं बदला है। मैं हमेशा सभी के उद्देश्य के लिए लड़ रहा था और मैं अपने सहयोगियों और अपने देश से कभी मुंह नहीं मोड़ूंगा। रोनाल्डो ने आगे पुर्तगाल को धन्यवाद दिया, यह कहते हुए कि च्सपना जब तक नहीं टूटा तब तक सब कुछ अच्छा था।

# आर.के.कंपनी की डूप्लीकेट वायर बेचते कारोबारी गिरफ्तार

## गुरूनानक मार्केट स्थित चिराग इलेक्ट्रिकल्स में पुलिस की छापेमारी



### 27 हजार रूपए कीमती 31 नग नकली वायर के डिब्बे बरामद

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने गुरूनानक वार्ड में आर.के.कंपनी के अधिकारियों के साथ एक इलेक्ट्रानिक आइटम की बिक्री करने वाली दुकान में छापा मारकर दुकान संचालक को आर.के.कंपनी की नकली वायर बेचते गिरफ्तार किया है। छापे के दौरान दुकान से 27 हजार रूपए कीमती 31 नग आर.के.कंपनी लिखे नकली वायर के डिब्बे बरामद किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर पश्चिम दिल्ली के अशोक बिहार बजीरपुर क्षेत्र स्थित जे.जे.कालोनी निवासी हरीश पिता रामचंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उनकी आर.के.कंपनी की नकली वायर गुरूनानक मार्केट स्थित चिराग इलेक्ट्रिकल्स नामक प्रतिष्ठान में बेची जा रही हैं। बताया जाता है कि गतदिवस हरीश कटनी पहुंचा और पुलिस के साथ चिराग इलेक्ट्रिकल्स में छापेमारी की। छापे के दौरान दुकान के अंदर आर.के.कंपनी के 31 नग नकली डिब्बे रखे मिले। जिनकी कीमत 27 हजार 50 रूपए बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने हरीश की शिकायत पर चिराग इलेक्ट्रिकल्स के संचालक माधवनगर के आचार्य कृपलानी वार्ड निवासी सतीश पिता राजकुमार जोतवाली के विरूद्ध कापी राइट एक्ट की धारा 63, 65 के तहत कार्रवाई की है।



# बिहार के बक्सर में मिला डकैती कांड का चौथा आरोपी

**कॉम्बिंग गश्त के दौरान कटनी पुलिस को मिली सफलता, रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी पुलिस, सोना व नगदी का अब भी पता नहीं**

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में 26 नवंबर को हुई डकैती के मामले में पुलिस को एक और सफलता मिली है। वारदात में शामिल चौथे आरोपी को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर कटनी लाई है। चौथे आरोपी को आज मंगलवार को न्यायालय में पेश करते हुए रिमांड पर लिया जाएगा और डकैती के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी। पकड़े गए बदमाश ने भी बेउर जेल में बंद सुबोध सिंह को अपना मास्टर माइंड बताया है। एसपी द्वारा बक्सर में तैनात टीम से कॉम्बिंग गश्त कराई गई, जिसमें बड़ी सफलता हाथ लगी। कटनी पुलिस के एक एसआइ के नेतृत्व में टीम ने रात को गश्त के दौरान बदमाश मिथिलेश को दबोचा और उसे कटनी लाया गया। मणप्पुरम गोल्ड डकैती कांड में मुख्य आरोपी 27 वर्षीय धर्मेन्द्र उर्फ मिथिलेश निवासी ननद थाना डुमराव जिला बक्सर बिहार को मुखबिर की सूचना पर कटनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मणप्पुरम गोल्ड बैंक में डकैती करने वाले साथियों के साथ मिलकर डकैती की थी एवं लूट करने के पश्चात पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से बैंक कर्मचारी से लूटी गई मोटर सायकल लेकर मैहर-सतना की तरफ साथी अमित सिंह उर्फ विक्कू के साथ भागा था। आरोपी मैहर रोड स्थित ग्राम पकरिया में मोटर सायकल एवं घटना में पहने हुए कपड़े वहीं छोड़कर बस एवं ट्रेन के माध्यम से भाग गए थे। वहीं चार आरोपी लूटा हुआ सोना एवं रुपए से भरा बैग बघराजी जबलपुर लेकर भागे थे।

### मास्टर माइंड सुबोध के खिलाफ एकत्रित किए जा रहे साक्ष्य

अभिरक्षा में लिए गए आरोपी धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि उक्त घटना का मास्टर माइंड सुबोध सिंह ही है जो बेउर जेल पटना में बंद होकर संगठित गिरोह का संचालन कर रहा है। प्रकरण में सुबोध सिंह के विरूद्ध साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। आरोपी मिथिलेश कुमार से पूछताछ की जा रही है। बघराजी में धर्मेंद्र ने अपने नाम से फर्जी आइडी लगाई है जबकि वास्तविक नाम मिथलेश है। अभी तक पुलिस ने शुभम तिवारी पटना, अंकुश पटना, शहबाज खान बक्सर व मिथिलेश सिंह उर्फ अमित बक्सर को गिरफ्तार किया है जबकि दिलीप सिंह वैशाली, पीयूष उर्फ अर्जुन पटना, अखिलेश उर्फ विकास वैशाली फरार हैं।

### लूटा सोना नेपाल भेजने की खबर

उधर सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबोध सिंह ने लूटा गया सोना सही जगह ठिकाना लगाने के लिए सरहद पार भिजवा दिया है। गैंग द्वारा सोना नेपाल भेजना बताया जा रहा है। कंकड़बाग निवासी पीयूष जायसवाल का अब तक पता नहीं चल पाया है।

### गैंग में शामिल होने पर मिलती है सैलरी

पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने बताया है कि सुबोध सिंह जेल में ही गैंग तैयार करता है। मास्टर माइंड जेल में वीआइपी सुविधाएं दिलाता है। कहता है कुछ बड़ा करना है तो गैंग में आ जाओ। बेल कराने के बाद ट्रेनिंग दिलाई जाती है। इसमें सैलरी और इंसेटिव दिया जाता है।

**इनका कहना है**

डकैती कांड में शामिल फरार चौथे आरोपी को पकड़ा गया है। यह बाइक लूटकर मैहर की ओर साथी के साथ भागा था। इसने भी सरगना सुबोध सिंह को बताया है। आज मंगलवार को न्यायालय से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

**-सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक**

### शौर्य एकता दिवस पर रैली



कटनी,यशभारत। बजरंग दल द्वारा शौर्य एकता दिवस पर रैली निकाली गई। रैली स्टेशन चौराहे से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर साधूराम स्कूल में समाप्त हुई।

## फॉग सेफ्टी डिवाइस से लैस हुए रेल इंजन

# अब कोहरे में भी कम नहीं होगी ट्रेनों की रफ्तार



**कटनी, यशभारत।** ठंड के मौसम में कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार कम हो जाती है क्योंकि कोहरे के कारण लोको पायलट को एक निर्धारित दूरी से सिग्नल स्पष्ट नहीं दिखता और उसे ट्रेन की रफ्तार कम करना पड़ जाती है। जिसके कारण अधिकांश ट्रेनें ठंड के मौसम में विलंब से चलना शुरू हो जाती हैं लेकिन रेलवे ने अब इसका तोड़ भी निकाल लिया है। रेलवे के द्वारा सर्दियों में कोहरे के दौरान रेलवे संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है। सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण ट्रेनें लेट न हो इसलिए कोहरे से प्रभावित रेलखंडो पर फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। पमरे के तीनों रेल मंडलों में 1032 फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें जबलपुर रेल मंडल में 338, भोपाल रेल मंडल में 291 तथा कोटा रेल मंडल में 403 फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग रेल इंजनों में किया जा रहा है।

### लोको पायलटों को मिली यह सुविधा

फॉग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध हो जाने से कोहरे प्रभावित सेक्शनों में लोको पायलटों को अत्यधिक मदद मिल रही है। यह डिवाइस आरडीएसओ लखनऊ द्वारा प्रमाणित है। उल्लेखनीय है कि फॉग सेफ्टी डिवाइस यह ऐसा डिवाइस है जो जीपीएस टेक्नोलॉजी पर काम करता है। इस डिवाइस की मदद से ट्रेनों की अधिकतम अनुमेय गति (एमपीएस) को लगातार बनाए रखा जा सकता है। यह डिवाइस जीपीएस टेक्नोलॉजी से एनेबल है और जीपीएस से रेलवे ट्रैक का मैप, सिग्नल, स्टेशन और रेल्वे क्रॉसिंग की जानकारी जुड़ी होती है। यह सिस्टम लोको पायलट को ट्रेन चलने के दौरान लेवल क्रॉसिंग और सिग्नल की जानकारी देता रहता है। ट्रेन चलाने के दौरान जब लोको पायलट को फॉग सेफ्टी डिवाइस से पता चल जाता है कि ट्रैक पर आगे कोई दिक्कत नहीं है तो वह उसी हिसाब से ट्रेन की गति बढ़ाता है। फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग करने से ट्रेनों की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को समय से गंतब्य तक पहुंचने में आसानी होगी तथा लेट-लतीफी के कारण परेशानियों से बचा जा सकेगा।

# युवक ने किया कार को आग के हवाले

### पुलिस ने दर्ज की एफआइआर



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना क्षेत्र की बस स्टेण्ड पुलिस चौकी अंतर्गत नदीपार क्षेत्र में एक कार को आग के हवाले किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने कार मालिक की शिकायत पर एक युवक के विरूद्ध नामजद एफआइआर दर्ज की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नदीपार क्षेत्र निवासी शंकर सिंह चौहान के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें उसने किशन अहिरवार नामक युवक पर कार को आग लगाकर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शंकर सिंह की शिकायत पर किशन के विरूद्ध धारा 427, 435 के तहत मामला दर्ज किया है।


## मंगलम मैरिज गार्डन

सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीवी कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर



सभी प्रकार के शुभ अवसरों हेतु

पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861


# फांसी के फंदे पर झूलकर विवाहिता ने की आत्महत्या

## पति व ससुर पर मायकेपक्ष ने लगाए प्रताड़ना के आरोप, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम घुघरी में एक विवाहित महिला के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। मामले में मायकेपक्ष ने विवाहिता के पति व ससुर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम घुघरी निवासी रोशनी उर्फ फूलबाई पति गगन रजक के द्धारा रविवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए महिला की लाश को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया। सोमवार को महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। ऊधर मृतिका फूलबाई रजक के मायके पक्ष के लोगों ने महिला के पति गगन और ससुर गुड्डा पर आये दिन प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतिका की मां ललती बाई ने बताया कि घटना रविवार को हुई लेकिन बेटी की ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी जानकारी तक नहीं दी। रिश्तेदारों के माध्यम से पता चला तो सोमवार को रिश्तेदारों को साथ लेकर घुघरी पहुंचे। उमरियापान थाना पहुंचकर ससुराल पक्ष के लोगों के द्धारा बेटी को प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की मायकेपक्ष ने की है।

**बरही में युवक ने लगाई फांसी**

उधर बरही थाना अंतर्गत ग्राम कुंदरेही में एक 19 वर्षीय युवक के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कुंदरेही निवासी 19 वर्षीय शिवचरण पिता आशीष सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सीनियर सिटीजन्स को जल्द मिलेगी रेल किराए में छूट

## आयु सीमा में बदलाव संभव, मार्च 2020 से बंद है रियायत



**कटनी, यशभारत।** सीनियर सिटीजन्स को रेलयात्रा में मिलने वाली छूट को जल्द बहाल करने की घोषणा रेलवे बोर्ड ने की है। साथ ही पात्रता मानदंडों में भी बदलाव के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है रेलवे बोर्ड सीनियर सिटीजन्स के लिए आयु सीमा में बदलाव करेगा। साथ ही टिकट पर मिल रही रियायतों को सिर्फ कुछ कैटेगिरी तक ही सीमित करने का प्रस्ताव है। रेलवे अभी तक ट्रेन में सभी नागरिकों को किराए पर औसतन 53 प्रतिशत छूट देता रहा है। दिव्यांग, स्टूडेंट्स, मरीजों को इस छूट के अलावा अन्य रियायतें मिलती हैं। महिला सीनियर सिटीजन पैसेंजर्स 50 प्रतिशत रियायत के लिए एलिजिबल होती हैं जबकि पुरुष और ट्रांसजेंडर सभी वर्गों में 40 प्रतिशत छूट का लाभ मिलता था। यह छूट गरीब रथ, गतिमान, हमसफर व सुविधा ट्रेनों को छोड़कर सभी गाड़ियों में मिलती थी। गौरतलब है कि कोरोनाकाल में 19 मार्च 2020 में रेलवे ने कई रियायतें बंद कर दी थी।




रेट- 75/- फीट

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

बजाज इंडस्ट्रीज

पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी मो. 8889696888




**प्लाट बिकाऊ हैं**

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं। दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOHNSON® Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. अशोक चौदहा

एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक

निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी

मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक

मो. 9893723087, 8319994375




SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)